संस्कृत-
संजीवनी

भारत का संविधान

भाग 4अ

नागरिकों के मूल कर्त्तव्य

अनुच्छेद 51अ

मूल कर्त्तव्य—भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह—

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे,

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में सँजोए रखे और उनका पालन करे,

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे,

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे,

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हो,

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करे,

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे,

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे,

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे, और

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू सके।

संस्कृत-
संजीवनी

प्रथमो भागः

एकादशवर्गीय संस्कृतस्य पाठ्यपुस्तकम्

संपादक
डॉ. कमलाकान्त मिश्र

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

प्रथम संस्करण
जून 2002
आषाढ़ 1924

PD 10T ML

ISBN 81-7450-067-7

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन विभाग के कार्यालय

एन.सी.ई.आर.टी. कैम्पस	108, 100 फीट रोड, होस्डेकेरे	नवजीवन ट्रस्ट भवन	सी.डब्लू.सी. कैम्पस
श्री अरविंद मार्ग	हेली एक्सटेंशन बनाशंकरी III इस्टेज	डाकघर नवजीवन	32, बी.टी. रोड, सुखचर
नई दिल्ली 110 016	बैंगलूर 560 085	अहमदाबाद 380 014	24 परगना 743 179

प्रकाशन सहयोग

प्रादन : एम.लाल

पादन, : प्रमोद रावत

OI राजेन्द्र चौहान

आवरण

बालकृष्ण

Price Rs. 16.00

एन.सी.ई.आर.टी. वाटर मार्क 70 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित ।

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा शगुन ऑफसेट, 132, मोहम्मदपुर, नई दिल्ली 110 066 द्वारा मुद्रित।

पुरोवाक्

भारतीयशिक्षापद्धतौ संस्कृतस्य महत्त्वमुद्दिश्य विद्यालयेषु संस्कृतशिक्षणार्थम् आदर्शपाठ्यक्रम- पुस्तकादिसामग्रीविकासक्रमे राष्ट्रियशैक्षिकानुसन्धानप्रशिक्षणपरिषदः सामाजिक-विज्ञान-मानविकी- शिक्षाविभागेन षष्ठवर्गादारभ्य द्वादशकक्षापर्यन्तं नवीनराष्ट्रियपाठ्यचर्यानुरूपम् आदर्शपाठ्यक्रमं निर्माय संस्कृतपाठ्यपुस्तकानि निर्मीयन्ते। अस्मिन्नेव क्रमे एकादशवर्गीयच्छात्राणां कृते प्रमुखेभ्यः गद्य-पद्य-नाटक -ग्रन्थेभ्यः प्रतिनिधिभूतान् पाठ्यांशान् सङ्कलय्य भूमिका-टिप्पणी-प्रश्नाभ्यासादिना समलङ्कृत्य प्रकाश्यतेऽधुना **संस्कृतसंजीवनी (प्रथमो भागः)** नाम पाठ्यपुस्तकम्। छात्राणां सौकर्याय पूर्वनिर्धारितानां गद्य-पद्य- नाटकानां कृते त्रयाणां पुस्तकानां स्थाने साम्प्रतमेकमेव पुस्तकमिदं विरचितम्। अत्र संस्कृतसाहित्यस्य विविधविधानां गद्य-पद्य-नाटकानां परिचयप्रदानेन सह छात्रेषु नैतिकमूल्यविकासाय अपि प्रयत्नो विहितः।

पुस्तकस्यास्य प्रणयने यैः विशेषज्ञैः अनुभविभिः अध्यापकैश्च बहुमूल्यं परामर्शादिकं दत्त्वा सहयोगः कृतः, तान् सकलान् प्रति परिषदियं स्वकार्तज्ञ्यं प्रकटयति। पुस्तकमिदं छात्राणां कृते उपयुक्ततरं विधातुं सर्वेषामनुभविनां विदुषां शिक्षकाणां च सत्परामर्शाः सदैवास्माकं स्वागतार्हाः।

जगमोहनसिंहराजपूतः
निदेशकः
राष्ट्रियशैक्षिकानुसंधानप्रशिक्षणपरिषद्

नवदेहली
जनवरी, 2002

पाठ्य-पुस्तक-निर्माण-समिति

पाठ्यसामग्री-निर्माण-समिति

सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा विभाग

कमलाकान्त मिश्र, प्रोफेसर, संस्कृत (संयोजक)

उर्मिल खुंगर सिलेक्शन ग्रेड लेक्चरर, संस्कृत

कृष्णचन्द्र त्रिपाठी रीडर, संस्कृत

पाण्डुलिपि-समीक्षा-संशोधन कार्यगोष्ठी के सदस्य

1. **विद्यानिवास मिश्र**
   पूर्व कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत
   विश्वविद्यालय, वाराणसी
2. **आद्याप्रसाद मिश्र**
   पूर्व कुलपति,
   इलाहाबाद विश्वविद्यालय
3. **पंकज चाँदे**
   कुलपति, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत
   विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर
4. **राजेन्द्र मिश्र**
   प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
   हि. प्र. विश्वविद्यालय, शिमला
5. **योगेश्वर दत्त शर्मा**
   रीडर, संस्कृत हिन्दू महाविद्यालय,
   दिल्ली-7
6. **वासुदेव शास्त्री**
   प्रभारी संस्कृत (अवकाश-प्राप्त)
   रा.शै.अनु.प्र.सं., उदयपुर
7. **राममूर्ति वासुदेव**
   प्रोफेसर (अवकाश प्राप्त)
   गवर्नमेंट कॉलेज, धर्मशाला हि. प्र.
8. **शशिप्रभा गोयल**
   रीडर (अवकाश प्राप्त)
   रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली
9. **रविदत्त पाण्डेय**
   उपप्रधानाचार्य, (अवकाश प्राप्त)
   रा. उ. मा. बाल विद्यालय
   मानसरोवर पार्क, दिल्ली
10. **परमानन्द झा**
    पी.जी.टी. संस्कृत, रा. उ. मा. बाल
    विद्यालय, आदर्श नगर, दिल्ली
11. **संतोष कोहली**
    उप-प्रधानाचार्या, सर्वो. कन्या विद्या.,
    कैलाश एन्कलेव, रोहिणी, दिल्ली
12. **कुलवन्त कौर**
    उपप्रधानाचार्या, केन्द्रीय विद्यालय,
    जे.एन.यू. कैम्पस, नई दिल्ली
13. **रेखा झा**
    टी.जी.टी., दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल
    सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली
14. **दया शंकर तिवारी**
    प्रोजेक्ट फेलो, संस्कृत, सा.वि.मा.शि.वि.
    रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

भूमिका

संस्कृत विश्व की अत्यंत प्राचीन भाषा है। भारतीय संस्कृति का स्रोत यही भाषा है। इसमें न केवल हमारे प्राचीन उदात्त संस्कार निहित हैं अपितु हमारा गंभीर शास्त्र-ज्ञान एवं पारलौकिक चिंतन भी इसी भाषा में उपलब्ध है। ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में जितने ग्रंथ इस भाषा में लिखे गए हैं उतने विश्व की अन्य किसी भी प्राचीन भाषा में नहीं मिलते। संस्कृत का साहित्य ऋग्वेद काल से लेकर आज तक अबाध गति से प्रवाहित होता रहा है। वेद, व्याकरण, ज्योतिष, छंद, निर्वचन-शास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति, ज्यामिति, षड्दर्शन आदि के साथ-साथ यह साहित्य कोमल काव्यानुभूतियों से ओत-प्रोत गद्य-पद्य की उर्वर जन्मभूमि है।

संस्कृत भाषा ने समस्त भारत की आधुनिक भाषाओं को प्रत्यक्ष अथवा परोक्षरूप से पर्याप्त प्रभावित किया है। मध्यकाल में प्राकृत तथा अपभ्रंश साहित्य को तो संस्कृत के बिना समझ पाना बहुत कठिन था। आधुनिक भारतीय साहित्य का अधिकांश भाग संस्कृत साहित्य की ही देन है। आधुनिक भारत की लगभग सभी भाषाओं ने संस्कृत से शब्दावली ग्रहण की है। विदेशों में भी संस्कृत की महत्ता बड़े आदर से स्वीकृत की गई है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा का सम्यक् अनुशीलन हो रहा है।

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से संस्कृत का बहुत महत्त्व है। यद्यपि भारतवर्ष में क्षेत्रीय विषमताएँ एवं विविधताएँ अनंत हैं तो भी जिन तत्त्वों का इस देश को एक सूत्र में बाँधे रखने में सर्वाधिक योगदान है उनमें संस्कृत भाषा तथा इसका साहित्य प्रमुख है। पुराणों में भारत के समस्त भूगोल को इस रूप में चित्रित किया गया है कि उसे पढ़कर प्रत्येक भारतीय के मन में अपने देश के प्रति अगाध आस्था एवं श्रद्धा स्वतः ही उत्पन्न हो जाती है। संस्कृत साहित्य की मूल चेतना

समूचे भारतवर्ष को एक राष्ट्र के रूप में देखने की रही है। इतना ही नहीं, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' (सारी पृथ्वी ही हमारा परिवार है) अथवा 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' (हम सारे विश्व को श्रेष्ठ बनाएँ) जैसी मर्मस्पर्शी उक्तियाँ मानव-मात्र के प्रति आत्मीयता के भाव व्यक्त करती हैं।

वेद सारे विश्व का प्राचीनतम वाङ्मय माना जाता है। भारतीय संस्कृति के इतिहास में वेदों का स्थान नितांत महत्त्वपूर्ण है। इन्हीं की दृढ़ आधारशिला पर भारतीय धर्म एवं संस्कृति का भव्य प्रासाद प्रतिष्ठित है। भारतीयों के आचार-विचार, रहन-सहन, धर्म-कर्म आदि के रहस्यों को भलीभाँति जानने के लिए वेदों का ज्ञान परमावश्यक है। भारतीय समाज में वेद की प्रतिष्ठा सर्वाधिक है। भारतीय परंपरा में पवित्र ज्ञानराशि वेद को अपौरुषेय (मनुष्य द्वारा अरचित) तथा शाश्वत माना गया है। बृहदारण्यक उपनिषद् में वेदों को परमेश्वर का निःश्वास कहा गया है। भारतीयों का यह अगाध विश्वास है कि सृष्टि की उत्पत्ति के साथ ही वेदों का भी चिरंतन ज्ञान ऋषियों-महर्षियों को स्वतः स्फुरित होता गया। किंतु भारतीय परंपरा के विपरीत पाश्चात्य विद्वानों ने वेदों का रचनाकाल निश्चित करने के अथक प्रयास किए हैं। प्रो. मैक्समूलर ने वेदमंत्रों की रचना 1200 वर्ष ई.पू., प्रो. विण्टरनिट्स ने 2000 वर्ष ई. पू. तथा प्रो. जैकोबी ने कृत्तिका नक्षत्रों की वैदिक स्थिति के आधार पर वेदमंत्रों की रचना 4500 वर्ष ई.पू. निश्चित की है। लोकमान्य तिलक के विवेचन के अनुसार यह काल और भी पूर्ववर्ती होना चाहिए। ऋग्वेद का गंभीर अध्ययन करने के बाद उन्होंने मृगशिरा नक्षत्र में वसंत सम्पात होने के अनेक संकेत एकत्रित किए। उन्हीं के आधार पर इन्होंने वेदमंत्रों की सर्वप्रथम रचना का काल 6000-4000 वर्ष विक्रम संवत् पूर्व माना।

भारतीय परंपरा के अनुसार समग्र वैदिक ज्ञानराशि पहले विभाजित नहीं थी। अतः लोकोपकार की दृष्टि से द्वापर युग के अंत में महर्षि वेदव्यास ने इसका त्रिधा विभाजन किया– ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद। ऋग्वेद में स्तुतिपरक मंत्रों का संकलन किया गया। ऋक् का अर्थ होता है - स्तुति। इसी के आधार पर इस वेद का नाम ऋग्वेद रखा गया - ऋचां वेद : ऋग्वेद :। यज्ञ में उपयोगी मंत्रों

के संकलन को यजुर्वेद कहा गया। यजुष् का अर्थ है - यजन (यज्ञ) में प्रयुक्त होने वाले मंत्र। सामन् का अर्थ, देवताओं को प्रसन्न करने वाले मंत्र हैं। अतः ऐसे साममंत्रों के संकलन को सामवेद कहा गया। कालांतर में ऋक्, यजुष् और सामन् के माध्यम से तीनों रूपों में व्यवस्थित ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद को त्रयी की संज्ञा से अभिहित किया गया। किंचित् काल पश्चात् महर्षि अथर्वा ने अनेकविध मंत्रों का एक पृथक् संकलन तैयार किया जो अथर्ववेद के नाम से प्रख्यात हो गया। इसमें ब्रह्म, परमात्मा, राजा, राज्यशासन, संग्राम, नाना देवता, यज्ञ, राष्ट्रीय चेतना, औषधोपचार, आधि-व्याधि निवारण आदि अनेक प्रकार के सांसारिक विषय समाविष्ट हैं।

संस्कृत काव्य की परंपरा

काव्य के बीज वैदिक सूक्तों में भी दृष्टिगोचर होते हैं। ऋग्वेद मे इंद्र, अग्नि, वरुण, मित्र, रुद्र, सवितृ, सोम, विष्णु, उषा आदि देवों की भावानुप्राणित स्तुतियाँ उपलब्ध होती हैं। ये साङ्गोपाङ्ग संस्कृत कविता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। ऋग्वेद की यह कविता ही विश्व की प्रथम कविता है। इस कविता में माधुर्य का अनुपम परिपाक, प्राकृतिक सुषमा के अद्भुत चित्र तथा जनजीवन की करुण एवं रसपूर्ण संवेदनाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। सूर्या तथा सोम के विवाह प्रसंग (ऋ.10.34) में प्रेम एवं सौंदर्य की तथा अक्षसूक्त में एक जुआरी के मन की गहरी व्यथा की अभिव्यक्ति किस सहृदय के मन को नहीं छूती। इसी दृष्टि से उषा-सूक्त तथा इंद्र-इंद्राणी, यम-यमी, पुरूरवा-उर्वशी आदि संवाद-सूक्त तथा मण्डूक-सूक्त उदात्त काव्योचित अभिव्यक्तियों के लिए उल्लेखनीय हैं।

वैदिक कविता ने समग्र विश्व को स्नेह, साहचर्य, सहयोग, ममता एवं विश्वबन्धुत्व की शिक्षा दी है। समान यात्रा, समान वाणी और समान चिंतन का अनुपम आदर्श हमें ऋग्वेद की कविता में दृष्टिगोचर होता है -

सङ्गच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते।। ऋ.x.191.2

हमारे विचार समान हों, हमारी सहमति समान हो, हमारी मनोवृत्ति समान हो, समत्व का यह महामंत्र आज के युग में नितांत सार्थक है।

इसी प्रकार संपूर्ण पृथ्वी-सूक्त (अथर्व. XII.1) राष्ट्रीय अस्मिता का चूड़ांत निदर्शन है। वैदिक कवि तो पृथ्वी को ममतामयी माँ के ही रूप में देखने का अभिलाषी है। **"माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः"** का उद्‌घोष अथर्ववेद का महामन्त्र है।

विषयवस्तु की दृष्टि से वेद का चार भागों में विभाजन किया जाता है - मंत्र, ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषद्। यहाँ मंत्र का अर्थ मनन योग्य वाक्य है जो ऋग्वेद आदि संहिताओं के रूप में उपलब्ध है। इन मंत्रों की व्याख्या करने वाले भाग ब्राह्मण हैं। ये ग्रंथ यज्ञीय कर्मकाण्ड से जुड़े हैं। आरण्यक-ग्रंथों में वानप्रस्थोचित नियम तथा आचारसंहिता का उल्लेख है। उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय है पारलौकिक गूढ़ रहस्यों का व्याख्यान। इस तरह वेद असीम हैं। उन्हें सही ढंग से समझने, इनके उच्चारण तथा उचित क्रियाकलापों में प्रयुक्त करने के लिए छह वेदांगों का विकास किया गया। ये हैं - शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्यौतिष। ये सभी अपने-आप में स्वतंत्र शास्त्रों के रूप में विकसित हुए।

कर्मकांड एवं वानप्रस्थोचित नियमों से संबद्ध होने के कारण ब्राह्मण तथा आरण्यक ग्रंथों में कविता का प्रस्फुटन न के बराबर है। किंतु उपनिषद् वाङ्मय में काव्यधारा का एक प्रौढ़ एवं अलंकृत रूप दृष्टिगोचर होता है। उपमा, उत्प्रेक्षा तथा रूपकादि अलंकारों से ओत-प्रोत यह कविता गूढ़तम विषयों को सरलतम शब्दों में प्रतिपादित करती है। जिस प्रकार बहती हुई नदियाँ अपना नाम एवं रूप छोड़कर समुद्र-रूप हो जाती हैं ठीक उसी प्रकार साधक भी परब्रह्म में विलीन हो जाता है -

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान् नामरूपाद् विमुक्तःपरात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्।।

मु. उ. III 2.8

वैदिक कविता, निस्सन्देह आर्ष- प्रज्ञा का लीलाविलास है। यह कविता कविता के लिए नहीं लिखी गई है। इसमें तो वैदिक ऋषि गूढ़ विषयों का चिंतन करते करते अत्यंत सहृदय हो उठता है। प्रकृति सौंदर्य के नयनाभिराम दृश्य तथा लोकजीवन के मर्मस्पर्शी यथार्थ स्वतः ही वर्णनों में गुम्फित हो जाते हैं। किंतु कालांतर में वेद की यही नैसर्गिक कविता एक परिनिष्ठित ढाँचे में ढल गई जिसका निदर्शन हमें रामायण, महाभारत और पुराणों में पर्याप्त मिलता है।

रामायण की रचना का एकमात्र उद्देश्य आदर्श महामानव के चरित्र की स्थापना था। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र में भक्तवत्सल, शरणागतरक्षक, दुष्टविनाशक जैसे उदात्त गुण चरितार्थ होते हैं। उस महान् चरित्र का ही यह प्रभाव था कि रामकथा देश, काल एवं व्यक्ति की सीमाओं का अतिक्रमण करती हुई प्राचीन चम्पा, कम्बुज (कम्बोडिया), कटाह द्वीप (मलेशिया) तथा सुवर्णद्वीप (जावा,सुमात्रा, बाली)में भी प्रसिद्ध हो गई।

रामायण में यद्यपि संस्कृत कविता का भावपक्ष, अधिक प्रबल है, तथापि उसमें लोकजीवन के विविध पक्ष भी उपेक्षित नहीं है। परवर्ती संस्कृत कवियों ने रामायण को आदिकाव्य तथा वाल्मीकि को आदिकवि के नाम से अभिहित किया है। रामायण की कविता निस्सन्देह परवर्ती संस्कृत कविता के समृद्धतम रूप की प्रथम आधारशिला है।

महाभारत महर्षि व्यास की कालजयी कृति है। एक लाख श्लोकों का यह ग्रंथ विविध सूचनाओं का विश्वकोष एवं ज्ञान-विज्ञान का भण्डारग्रंथ है। मूलतः तो यह ग्रंथ कौरवों तथा पांडवों के महायुद्ध एवं विजय की कथा है, किंतु इतिहास के इस वर्णन में भी काव्यात्मकता का अद्भुत निर्वाह महर्षि वेदव्यास ने किया है। यह सत्य है कि रामायण और महाभारत भाषा, भाव, शैली तथा कथानक की दृष्टि से समग्र संस्कृत साहित्य के उपजीव्य ग्रंथ बन गए हैं।

पुराणों का रचयिता भी महर्षि व्यास को ही माना जाता है। ये पुराण संख्या में 18 हैं - मत्स्य, मार्कण्डेय, भागवत, वामन, वाराह, विष्णु, वायु, अग्नि, गरुड़, स्कन्द आदि इनमें प्रमुख माने जाते हैं। इन पुराणों का प्रतिपाद्य विषय तो सर्ग,

प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर आदि का विस्तृत विवेचन हैं, किंतु कविता का अजस्र प्रवाह भी इनमें यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होता है। भागवतपुराण का वेणुगीत, गोपीगीत तथा भ्रमरगीत समूची संस्कृत कविता का श्रृंगार है। पुराण की कविता किसी भी दृष्टि से भास एवं कालिदास की रसमयी कविता से कम नहीं है। कृष्ण के विरह में व्याकुल उनकी राजरानियों का कुररी पक्षी को दिया गया निम्न उपालम्भ अन्योक्तिपरम्परा का अनुपम उदाहरण है -

कुररि विलपसि त्वं वीतनिद्रा न शेषे स्वपिति जगति रात्र्यामीश्वरो गुप्तबोधः।
वयमिव सखि किंचिद् गाढनिर्भिन्नचेता नलिननयनहासोदारलीलेक्षितेन।।

(भागवत10. 90.15)

'वैदिक वाङ्मय, रामायण, महाभारत एवं पुराण की ऊँची-नीची उपत्यकाओं में बहती सरस संस्कृत काव्यधारा अब भागीरथी की तरह समतलभूमि में प्रवेश कर अपने तटों पर पाणिनि, पतंजलि, कालिदास, भारवि, माघ एवं श्रीहर्ष जैसे पावन तीर्थों का निर्माण करने में लग जाती है। महर्षि पाणिनि (ई.पू.5वी शती) ने चिरकाल से प्रयोग में आ रही भाषा को परिमार्जित कर उसे एक स्थिररूप प्रदान किया जिसे संस्कृत कहा जाने लगा। लोक के लिए अधिक उपयोगी, सरल एवं बोधगम्य होने के कारण ही इस भाषा को कालांतर में लौकिक संस्कृत कहा जाने लगा।

महर्षि पाणिनि- प्रणीत *'जाम्बवतीविजय'* सम्भवतः लौकिक संस्कृत भाषा का प्रथम महाकाव्य है जो कि अब उपलब्ध नहीं है। तत्पश्चात् वररुचि- प्रणीत महाकाव्य *'स्वर्गारोहण'* का उल्लेख भी मिलता है। वररुचि का काल ई.पू.चतुर्थ शती माना जाता है। पतंजलि (ई.पू. 150 वर्ष) के *महाभाष्य* से भी संस्कृत कविता के विकास के बहुमूल्य साक्ष्य मिलते हैं। वासवदत्ता, सुमनोत्तरा तथा भैमरथी नामक आख्यायिकाओं का उल्लेख हमें महाभाष्य में ही मिलता है।

महाभाष्यकार पतंजलि के अनंतर संस्कृत कविता का श्रेष्ठ स्वरूप महाकवि कालिदास की कृतियों में देखने को मिलता है। वेदों से प्रारंभ काव्यधारा पुराणों के कलेवर तक जहां मुक्त वातावरण में प्रवाहित हुई वहीं उसके अनंतर

उसका विकास काव्य-लक्षणों की सीमाओं के बीच हुआ। ईसा की प्रारंभिक शताब्दियों में आविर्भूत आचार्य भरत का नाट्यशास्त्र काव्यशास्त्रीय लक्षणों का प्रथम मानक ग्रंथ है जिसमें रस, गुण, अलंकार, छंद एवं रंगमंच का सूक्ष्म विवेचन मिलता है। शैली के आधार पर कविता का गद्य, पद्य तथा चम्पू के रूप में त्रिधा विभाजन भी हमें नाट्यशास्त्र के 18वें अध्याय में मिलता है। अवांतर काल में भामह, दण्डी तथा रुद्रट आदि आचार्यों ने जैसे-जैसे काव्यशास्त्रीय तथ्यों को परिमार्जित किया वैसे-वैसे काव्यकृतियों के स्वरूप भी परिवर्तित होते गए।

ई.पू. प्रथम शती के उज्जयिनी-नरेश विक्रमादित्य के राजकवि महाकवि कालिदास ने दो महाकाव्य– *रघुवंश* एवं *कुमारसंभव,* दो खंडकाव्य– *मेघदूत* एवं *ऋतुसंहार* तथा तीन नाटक- *अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय* तथा *मालविकाग्निमित्र* की रचना की। कालिदास के युग में हुए कवियों में अश्वघोष, शूद्रक, मातृचेट, आर्यशूर, कुमारदास तथा प्रवरसेन आदि की गणना होती है। इसे संस्कृत कविता का उत्कर्ष काल माना जाता है। इस युग की कविता में भाव तथा भाषा का सुंदर समन्वय मिलता है तथा व्यजंनावृत्ति की प्रधानता है। साथ ही, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अप्रस्तुतप्रशंसा, समासोक्ति जैसे कोमल एवं सहज अर्थालंकारों द्वारा कविताकामिनी का सर्वत्र अलंकरण मिलता है। कालिदास की कविता इस विधा का सर्वोत्तम निदर्शन है। निम्नलिखित पद्य में भाव-सौंदर्य एवं उपमा का मंजुल समन्वय द्रष्टव्य है -

सञ्चारिणी दीपशिखेव रात्रौ यं यं व्यतीयाय पतिंवरा सा।
नरेन्द्रमार्गाट्ट इव प्रपेदे विवर्णभावं स स भूमिपालः।।

रघुवंश 6.67

महाकवि भारवि (6वीं शती ई.) के साथ कालिदासोत्तर संस्कृत कविता का उदय हुआ। इस युग के प्रमुख कवि हैं - भारवि, माघ, भट्टि, रत्नाकर, श्रीहर्ष आदि। इस युग की कविता में कलापक्ष की प्रधानता दिखाई देती है। शनैः शनैः संस्कृत कविता उत्तरोत्तर अलंकारों के प्रयोग से बोझिल होती गई।

शब्दालंकारों तथा चित्रबंधों से उसकी दुरूहता, जटिलता एवं असम्प्रेषणीयता उत्तरोत्तर बढ़ती गई।

प्रायः 17वीं शती ई. में पंडितराज जगन्नाथ के साथ संस्कृत कविता के कलात्मक उत्कर्ष का अध्याय पूर्ण समझ लिया जाता है। इसके बाद संस्कृत कविता दो-तीन सौ वर्षों तक सिसकती और खिसकती रही। परंतु 19वीं शती के राष्ट्रीय पुनर्जागरण के साथ उसमें भी नए जीवन और नई चेतना का संचार आरम्भ हो गया। इस युग के संस्कृत कवियों ने प्राचीन परंपराओं का परित्याग न करते हुए भी राष्ट्र के नूतन परिवेश में काव्य साधना की। पं अम्बिकादत्त व्यास, म.म. गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी, मथुरानाथ शास्त्री आदि का नाम इस युग के कवियों में उल्लेखनीय है। यह स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत कविता का उदयकाल था।

एक ओर जहां संस्कृत कविता मानवीय संवेदना से जुड़कर विकसित हो रही थी वहीं दूसरी ओर विज्ञान एवं शास्त्र-चिंतन से जुड़ी दूसरी काव्यधारा भी समानांतर स्तर पर प्रवाहित हो रही थी। आयुर्वेद, रसायन, ज्योतिष जैसे वैज्ञानिक विषयों के साथ-साथ काव्य-शास्त्र, दर्शनशास्त्र, गणित, तन्त्र, संगीत, काम आदि शास्त्रों का पल्लवन भी अबाधगति से होता रहा था। ये सभी शास्त्रीय ग्रंथ प्रायः पद्यबद्ध हैं। इनमें आयुर्वेद के चरकसंहिता एवं सुश्रुतसंहिता, रसायनविज्ञान के रसरत्नाकर (नागार्जुन), रसहृदयतन्त्र (भगवत्पाद), रसरत्नसमुच्चय (वाग्भट) रसेन्द्रचूड़ामणि (सोमदेव) ज्योतिषशास्त्र के आर्यभटीय (आर्यभट) पंचसिद्धान्तिका, बृहज्जातक, बृहत्संहिता (वराहमिहिर - 505 ई.) तथा भास्कराचार्य, नीलकण्ठ, कमलाकर आदि विद्वान् उल्लेखनीय हैं।

काव्यशास्त्र के ग्रंथों में काव्यालंकार (भामह-7वीं शती ई.) काव्यादर्श (दण्डी 7वीं शती ई.), काव्यालंकार (रुद्रट) वक्रोक्तिजीवित (कुन्तक), काव्यप्रकाश (मम्मट), साहित्यदर्पण (विश्वनाथ)तथा रसगङ्गाधर (पण्डितराज जगन्नाथ) उल्लेखनीय हैं। आचार्य भरत का नाट्यशास्त्र, धनंजय का दशरूपक, रामचन्द्र गुणचन्द्र का नाट्यदर्पण आदि नाट्यशास्त्रीय ग्रंथ प्रसिद्ध हैं। आचार्य पिङ्गल का छन्दःशास्त्र, क्षेमेन्द्र का सुवृत्ततिलक, नकुल का अश्वशास्त्र, वात्स्यायन का

कामशास्त्र, कौटिल्य का *अर्थशास्त्र* तथा मनु, याज्ञवल्क्य आदि के स्मृतिग्रंथ भी अपनी-अपनी विधाओं के मूल स्रोत हैं। वस्तुतः विज्ञान एवं शास्त्र पर आधारित संस्कृत वाड्.मय का भण्डार बहुत विशाल एवं विविध है। यहाँ केवल परिचयात्मक ज्ञान के लिए ही किंचित् सामग्री दी गई है।

संस्कृत गद्यकाव्य की परंपरा

संस्कृत गद्य की परंपरा वैदिक काल से मानी जा सकती है। तैत्तिरीय संहिता में गद्य का प्रयोग बहुल मात्रा में मिलता है। वैदिक साहित्य में ब्राह्मणों, आरण्यकों और उपनिषदों में संस्कृत गद्य का प्रभूत विकसित रूप पाया जाता है। शतपथ और ऐतरेय ब्राह्मण के कुछ गद्यमय आख्यान तो उत्तरकालीन कवियों के लिए उपजीव्य बन गए हैं। उपनिषदों में प्रयुक्त संस्कृत गद्य का निम्नलिखित उदाहरण द्रष्टव्य है -

'अथ ह जनको वैदेहो याज्ञवल्क्यमुपसमेत्योवाच भगवन् संन्यासमनुब्रूहीति। स होवाच ' याज्ञवल्क्यो ब्रह्मचर्यं समाप्य गृहीभवेत्, गृहीभूत्वा वनीभवेत्, वनीभूत्वा प्रव्रजेत्। '

वैदिक साहित्य के बाद सूत्र-साहित्य में, विशेषकर धर्मसूत्रों में संस्कृत-गद्य का विकसित रूप मिलता है। पाणिनि की अष्टाध्यायी पर रचित पतंजलि का महाभाष्य गद्य में लिखा गया है। महाभारत में भी कहीं-कहीं संस्कृत-गद्य के उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलते हैं। दूसरी शती ई. में तो गद्य के विकास के प्रौढ़ प्रमाण मिल जाते हैं। इनमें रुद्रदामन् का गिरनार शिलालेख अलंकृत गद्यकाव्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस काल तक गद्य काव्यधारा निश्चित रूप में अपना स्वतंत्र अस्तित्व बना चुकी थी। उसके बाद आर्यशूर की जातकमाला में मनोहारी गद्य का स्वरूप मिल जाता है। हरिषेण द्वारा रचित समुद्रगुप्त-प्रशस्ति में भी संस्कृत गद्य का सुंदर एवं प्रौढ़ रूप दिखाई देता है। इस तरह पांचवी शती तक आते-आते संस्कृत गद्य अपनी सभी विधाओं में प्रतिष्ठित हो चुका था। गुणाढ्य की बृहत्कथा से प्रभावित होकर *वेताल-पंचविंशतिका* जैसी

कथायें लौकिक संस्कृत साहित्य में प्रतिष्ठा पा चुकी थीं। *दिव्यावदान, अवदानशतक* आदि जैसी सरस कथायें संस्कृत-गद्य को खूब पल्लवित करने लगीं। संस्कृत नाटकों में भी संवाद के रूप में गद्यकाव्य अपने वैभव को प्राप्त कर चुका था। छठी शती तक आते-आते गुण, अलंकार और रस की दृष्टि से गद्यकाव्य पर्याप्त समृद्ध हो चुका था। उसी काल में बाण की वाणी ने अपनी रचनाओं *हर्षचरित* और *कादम्बरी* के माध्यम से गद्यकाव्य को उन्नति की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया। बाण के गद्य में वर्ण-विन्यास, शब्द-प्रयोग, अर्थ-संकल्पना, भाव-सामंजस्य एवं रसमाधुर्य अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच जाते हैं। उसके बाद के गद्यकारों में सुबन्धु, दण्डी, धनपाल, वामनभट्ट, अम्बिकादत्त व्यास आदि का नाम उल्लेखनीय है।

संस्कृत गद्यकाव्य का रूप, आधार, विषय आदि की दृष्टि से कई विधायें हैं जो इस प्रकार हैं- कथा, आख्यायिका, आख्यान, चम्पू, प्रशस्ति, अभिलेख, पत्र एवं निबंध। इनमें कथा प्राचीनतम विधा है जो कि कल्पनाप्रसूत कहानी पर आधारित होती है जैसे बाण की कादम्बरी। ऐतिहासिक विषयवस्तु को आधार बनाकर लिखे गए गद्यकाव्य को आख्यायिका कहते हैं, यथा- बाण का *हर्षचरित।* आख्यान का आकार प्रायः छोटा होता है जिसमें ऐतिहासिक तथा काल्पनिक दोनों प्रकार के विषय होते हैं। संस्कृत के आख्यान-साहित्य में *पंचतन्त्र, हितोपदेश, शुकसप्तति* आदि प्रसिद्ध हैं।

गद्य-पद्य मिश्रित काव्य को चम्पू कहा गया है। संस्कृत-साहित्य में त्रिविक्रमभट्ट का नलचम्पू, भोज का चम्पूरामायण, सोमदेवसूरि का यशस्तिलकचम्पू आदि विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। संस्कृत के कवियों ने अपने आश्रयदाता राजाओं की प्रशंसा में प्रायः गद्यकाव्यों की रचना की है जिन्हें प्रशस्तिकाव्य के नाम से जाना जाता है। प्राचीन काल में शिलाओं, ताम्रपत्रों तथा स्तूपों पर प्रायः शासनादेश लिखे जाते थे। इनका गद्य सामान्य गद्य से भिन्न होता था। अतः इन्हें अभिलेख गद्य का एक पृथक् भेद मान लिया गया। पत्र-लेखन भी प्राचीन काल से ही होता रहा है। संस्कृत गद्य-साहित्य की अपेक्षाकृत नवीन विधा निबंध लेखन है। संस्कृत

गद्यमय निबंधों में हृषीकेश शास्त्री की प्रबंध मंजरी, रामावतार शर्मा का *प्रकीर्ण निबंध* आदि उल्लेखनीय हैं।

संस्कृत के प्रमुख गद्यकारों में आर्यशूर का नाम सर्वप्रथम लिया जा सकता है। उनका स्थितिकाल 300 ई. के आसपास माना जाता है। उनकी रचना जातकमाला में दीर्घ एवं लघु दोनों प्रकार के समासों का आदर्श समन्वय प्राप्त होता है। छठी शती में हुए दण्डी का *दशकुमारचरित* संस्कृत गद्य का उत्कृष्ट निदर्शन है। इसकी भाषा नैसर्गिक, प्रवाहपूर्ण एवं मुहावरेदार है। दण्डी का पदलालित्य प्रसिद्ध है। सातवीं शती के पूर्वार्ध में सुबन्धु ने गौड़ी शैली में *वासवदत्ता* नामक गद्यग्रंथ की रचना की जिसमें कन्दर्पकेतु और वासवदत्ता की प्रणयकथा वर्णित है। सुबन्धु ने अपनी रचना में लम्बे-लम्बे समासों, अनुप्रास तथा श्लेष अलंकार का विशेषरूप से प्रयोग किया है।

संस्कृत गद्यसाहित्य में सर्वाधिक प्रसिद्ध गद्यकार बाण ही हैं। उनकी *हर्षचरित* एवं *कादम्बरी* नाम की दो रचनायें गद्यकाव्य का अलंकार मानी गई हैं। रस, अलंकार, गुण, रीति आदि के समुचित प्रयोग के कारण *कादम्बरी* संस्कृत की सर्वोत्कृष्ट रचना मानी जाती है। त्रिविक्रमभट्ट की *नलचम्पू* सरस एवं प्रसादपूर्ण रचना है। इसमें सभङ्ग श्लेष एवं अभङ्ग श्लेष की प्रधानता है। धनपाल की *तिलकमंजरी*, बाण की शैली में लिखी गई है। इसकी भाषा पर्याप्त प्रांजल एवं शैली दुरूहता से रहित है। 11वीं शती के सोड्ढल की *उदयसुन्दरीकथा* गद्यबाहुल्य के कारण गद्यकाव्य में गिनी जाती है। इसमें पदसौष्ठव तथा आरोह स्पष्ट प्रतीत होते हैं। 19 वीं शती के पूर्वार्द्ध में हुए अम्बिकादत्त के गद्यकाव्य *शिवराजविजय* में छत्रपति शिवाजी का जीवन-वृत्त चित्रित है। इसमें यत्र-तत्र बाण की शैली का अनुकरण है। सम्पूर्ण गद्यकाव्य राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत है।

संस्कृत भाषा में गद्य-रचना कम हुई है फिर भी विभिन्न कालों में कवियों ने गद्यकाव्य की रचना में अपना कौशल प्रदर्शित किया है। आधुनिक काल के गद्यकारों में पण्डिता क्षमाराव (1890 -1954 ई.) का नाम अग्रणी है। उन्होंने *कथामुक्तावली, विचित्रपरिषद्यात्रा* इत्यादि कई गद्य-काव्य लिखे हैं। इनके अतिरिक्त

मथुरानाथ शास्त्री, हृषीकेश भट्टाचार्य, नवलकिशोर काङ्कर आदि के नाम भी आधुनिक गद्यसाहित्य में उल्लेखनीय हैं।

संस्कृत नाट्यसाहित्य की परम्परा

नाटक संस्कृत काव्य का सुन्दरतम रूप माना गया है - **'काव्येषु नाटकं रम्यम्'**। दर्शकों द्वारा देखे जाने के कारण इसे दृश्यकाव्य भी कहा जाता है। नाट्य की महिमा बतलाते हुए भरतमुनि ने लिखा है कि संसार का ऐसा कोई ज्ञान, शिल्प, विद्या, कला, योग और कर्म नहीं है, जो इसमें न आता हो।' महाकवि कालिदास ने भी कहा है कि 'नाटक भिन्न-भिन्न रुचि के लोगों के लिए मनोरंजन का एक सामान्य साधन है'। इसीलिए नाटक को संस्कृत काव्य की चरमपरिणति माना जाता है - **'नाटकान्तं कवित्वम्'**। सभी प्रकार के काव्यरूपों में नाटक अपेक्षाकृत अधिक जनप्रिय होते हैं, क्योंकि इनमें मनोरंजन, रस-भावाभिव्यक्ति और विषय की विविधता अधिक पाई जाती है।

नाटक की उत्पत्ति के बारे में विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत मिलते हैं। भारतीय परंपरा नाटक को पंचम वेद मानती है। महामुनि भरत के अनुसार ब्रह्मा ने चारों वेदों का ध्यान करके ऋग्वेद से संवाद, सामवेद से गान, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस के तत्त्वों को लेकर 'नाट्यवेद' नामक पंचम वेद की रचना की। कई विद्वानों ने ऋग्वेद के संवाद-सूक्तों में संस्कृत नाटकों का प्रारंभिक रूप देखा है। इन सूक्तों में *इन्द्र-मरुत्, अगस्त्य-लोपामुद्रा, विश्वामित्र-नदी, वसिष्ठ-सुदास, यम-यमी, इंद्र-इंद्राणी, पुरूरवा-उर्वशी, सरमा-पणि* आदि के संवाद बहुत प्रसिद्ध हैं। ये संवादात्मक सूक्त नाटकीय माने गए हैं। पाश्चात्त्य विद्वानों ने नाटक की उत्पत्ति के संबंध में पुत्तलिका-नृत्य, स्वाँग, छायानाटक, वीरपूजा आदि के सिद्धांत प्रस्तुत किए हैं।

नाटक के विकास के लिए अपेक्षित तत्त्व गीत, वाद्य,अभिनय, संवाद आदि की सत्ता वैदिक काल में भी थी। रामायण और महाभारत में नट, नर्तक, नाटक आदि के प्रयोग से सिद्ध होता है कि उस युग में भी नाटकों का प्रचलन

था। ईसापूर्व दूसरी शती में पतंजलि ने अपने महाभाष्य में कंसवध और बलिबन्ध नामक नाटकों के खेले जाने का उल्लेख किया है। ईसापूर्व पाँचवीं शती में पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में दो नटसूत्रों का उल्लेख किया है। ऐसा भी कहा जाता है कि पाणिनि ने *जाम्बवतीविजय* नामक नाटक की रचना भी की थी। अशोक के शिलालेखों में भी नट और समाज का उल्लेख मिलता है। इससे सिद्ध होता है कि भारत में नाट्य-परंपरा अत्यंत प्राचीन काल से है।

संस्कृत नाट्यसाहित्य में सबसे प्राचीन रचनायें महाकवि [illegible] की मिलती हैं। इनका समय चौथी- पांचवीं शती ई.पू. के लगभग माना जाता है। इन्होंने तेरह नाटकों की रचना की जिनमें *स्वप्नवासवदत्त, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, प्रतिमानाटक, पंचरात्र, दूतवाक्य, कर्णभार* आदि प्रसिद्ध हैं। इनके बाद शूद्रक का *मृच्छकटिक* उल्लेखनीय है।

महाकवि कालिदास का नाम संस्कृत नाट्यसाहित्य में सर्वोपरि है। इन्हें कविकुलगुरु भी कहा जाता है। इनका *अभिज्ञानशाकुन्तल* अनेक भारतीय एवं पाश्चात्य भाषाओं में अनूदित हो चुका है। इसमें आदर्श भारतीय जीवन का वर्णन है। *मालविकाग्निमित्र* और *विक्रमोर्वशीय* कालिदास के दो अन्य प्रसिद्ध नाटक हैं। कालिदास की शैली सरल, सरस, मधुर, प्रसाद तथा लालित्य गुणों से सम्पन्न है।

कालिदास के बाद अश्वघोष, विशाखदत्त, दिङ्नाग, भट्टनारायण, भवभूति, हर्ष आदि का नाम संस्कृत नाट्यसाहित्य में उल्लेखनीय है। इनमें भवभूति का नाम सर्वाधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने तीन नाटकों की रचना की है - *मालतीमाधव, महावीरचरित* और *उत्तररामचरित*। इनमें उत्तररामचरित सर्वश्रेष्ठ है। यह वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा पर आधारित है। इसमें करुण रस की अत्यंत सुंदर एवं मार्मिक निष्पत्ति देखने योग्य है। भवभूति में यद्यपि कालिदास की सी सरलता और सहजता नहीं है फिर भी नाट्यसाहित्य में उन्हें कालिदास के समान ही सम्मान मिलता है। आदर्श वैवाहिक जीवन के चित्रण में भवभूति पारंगत हैं। राम और सीता के कोमल एवं पवित्र प्रेम का चित्रण भी उत्तररामचरित की विशिष्टता है।

संस्कृत नाटकों की प्रमुख विशेषता उनका सुखांत होना है। सम्पूर्ण नाटक में यद्यपि सुख और दुःख का सम्मिश्रण दृष्टिगोचर होता है, तो भी उसका अंत सुखांत ही होता है। सुख के उपपादन के लिए ही नाटक में दुःख का निष्पादन होता है। इसके पीछे भारतीय चिंतन ही मुख्यतः प्रधान है। प्राचीन भारत के निवासी आशावादी थे। उनके अनुसार जीवन में दुःख-क्लेश की परिणति सदैव सुख और परमानंद में होती है।

संस्कृत नाटकों में संवाद के लिए प्रायः गद्य का ही प्रयोग होता है परंतु रोचकता, प्रकृतिवर्णन, नीतिशिक्षा आदि के लिए पद्य के प्रयोग को महत्त्व दिया जाता है। संस्कृत के साथ-साथ प्राकृत भाषाओं का प्रयोग भी संस्कृत नाटकों में मिलता है। सभी प्रकार के पात्र संस्कृत समझते तो हैं, किंतु अपने-अपने सामाजिक स्तर के अनुरूप संस्कृत या प्राकृत बोलते हैं। नायक के मित्र के रूप में विदूषक की कल्पना संस्कृत नाटकों की एक उल्लेखनीय विशेषता है। इन नाटकों में अभिनय संबंधी संकेत,यथा - प्रकाशम्, स्वागतम्, जनांतिकम्, सरोषम्, विहस्य इत्यादि सूक्ष्मता के साथ दिए जाते हैं। मनोरंजन के साथ-साथ नैतिकता और उच्च आदर्शों का जनमानस में संचार करना भी संस्कृत -नाटकों का एक लक्ष्य है। लौकिक और अलौकिक सभी प्रकार के पात्र इनमें होते हैं और प्रकृति-वर्णन संस्कृत-नाटकों की एक बहुत बड़ी विशेषता है।

प्रस्तुत संकलन

संस्कृत के अखिल भारतीय महत्त्व को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के तत्त्वावधान में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर वैकल्पिक विषय के रूप में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्रस्तुत संकलन का संपादन किया गया है। इससे पूर्व एकादश, द्वादश वर्ग की कक्षाओं के लिए गद्य, पद्य एवं नाटक की स्वतंत्र पुस्तकों का प्रावधान था। विगत वर्षों में परिषद् द्वारा प्रकाशित विद्यालयीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2000 के आधार पर विद्यालयों के लिए विकसित, नये पाठ्यक्रम के अनुरूप पाठ्यपुस्तकों

के संशोधन/परिवर्तन के क्रम में यह अनुभव किया गया कि संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं के पृथक्-पृथक् संकलन के स्थान पर केवल एक ऐसा संकलन तैयार किया जाए जो एकादशवर्गीय कक्षा के छात्रों की वर्तमान अपेक्षाओं को पूर्ण करता हो तथा संस्कृत साहित्य की प्रमुख विधाओं - गद्य, पद्य एवं नाटक का प्रतिनिधित्व करता हो। तदनुसार 'संस्कृत-संजीवनी' नामक यह नवीन संकलन प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रस्तुत संकलन में दस पाठ हैं। इनमें प्रथम पाठ **वेदामृतम्** में ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद से मंत्रों को संकलित किया गया है। विश्वशांति, विश्वबंधुत्व और राष्ट्रप्रेम की दृष्टि से ये मंत्र छात्रों के लिए एक अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करते हैं। द्वितीय पाठ **'प्रकृतिः कस्य न प्रिया'** में **वाल्मीकिरामायण** के किष्किंधा, अरण्य एवं सुंदर कांडों से 12 श्लोक संकलित हैं। इनमें वसंत, वर्षा, शरद् एवं हेमंत तथा चंद्रोदय का अत्यंत सुंदर चित्रण है। प्रकृति-वर्णन की दृष्टि से इस पाठ का बहुत महत्त्व है। तृतीय पाठ **पाण्डवप्रत्यभिज्ञानम्** - भास के *पंचरात्रम्* नामक एकांकी से संकलित है। इसमें पाँच रातों में पाण्डवों के मिलने तथा दुर्योधन द्वारा उन्हें आधा राज्य दिए जाने का वर्णन है। संस्कृत नाटक की क्रियाबहुलता, अभिनेयता आदि विशिष्ट लक्षणों को समक्ष उपस्थित करने की दृष्टि से यह पाठ छात्रोपयोगी है। चतुर्थ पाठ पतंजलि के *महाभाष्य* से संकलित है। प्रस्तुत पाठ में आकर्षण सिद्धान्त का बड़ा सूक्ष्म चित्रण है। प्राचीन संस्कृत गद्य के निदर्शन के रूप में यह पाठ छात्रोपयोगी है। पंचम पाठ **परोपकाराय सतां विभूतयः** - आर्यशूर की *जातकमाला* से संकलित है। इसमें मत्स्य के रूप में बोधिसत्त्व के परोपकार की घटना का सुन्दर चित्रण है। छठा पाठ - **सौवर्णशकटिका** - शूद्रक के *मृच्छकटिक* के छठे अंक से संकलित है। इसमें बालसुलभ लालसा का बड़ा मार्मिक चित्रण है। सप्तम पाठ - **स्वभावो हि दुरतिक्रमः** में हितोपदेश से नीलवर्ण शृगालकथा संकलित है। अष्टम पाठ - **आहारगुणाः** चरकसंहिता के 'रस विभाग' नामक प्रथम अध्याय से संकलित है। नवम पाठ - **प्रबन्धकौशलम्** में दशकुमारचरित की गोमिनी कथा को संकलित किया गया है। दशम पाठ **मानो हि महतां धनम्** महाभारत के उद्योगपर्व से संगृहीत है।

संकलन के सभी पाठों में विभिन्न मानवीय भावों का कुशलता से चित्रण किया गया है। मानवमूल्यों की स्थापना, सहज आंतरिक आकर्षण, परोपकार, बालमनोविज्ञान, आहार की महत्ता एवं प्रबन्धदक्षता की दृष्टि से ये पाठ छात्रों के लिए शिक्षाप्रद एवं उपयोगी हैं। इसके अतिरिक्त इस संकलन का उद्देश्य छात्रों को संस्कृत के प्रसिद्ध तथा महान् साहित्यकारों से परिचित करवाना भी है। इसके साथ-साथ उनकी सौन्दर्यानुभूति का विकास करवाना भी इस संकलन का लक्ष्य है।

संस्कृत साहित्य की विशाल परम्परा से इस संकलन में वेद, काव्य, गद्य तथा नाटक से प्रतिनिधिभूत अंश संकलित हैं। जिन ग्रंथों से ये पाठ्यांश संकलित हैं उनका संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है -

ऋग्वेद : ऋग्वेदसंहिता में स्तुतिपरक तथा अर्चनाप्रधान मंत्रों का संकलन किया गया है। यह विश्व का प्रथम व्यवस्थित उपलब्ध ग्रंथ है जिसमें सप्तसिन्धु-प्रदेश में रहने वाले आर्यों के धार्मिक विचारों एवं दार्शनिक भावनाओं का काव्यात्मक चित्रण है। ऋग्वेद के समय में भारतवर्ष की जो सांस्कृतिक चेतना थी वह आज भी भारतीय मानस में विद्यमान है। इससे संस्कृत की धारा के सतत प्रवाह की पुष्टि होती है। आर्यों की एक लम्बी बौद्धिक परंपरा का दिग्दर्शन ऋग्वेद में उपलब्ध होता है। इस वेद के सूक्तों के बहुत बड़े भाग में अग्नि, इंद्र, सविता, रुद्र, मित्र, वरुण, सूर्य, मरुत् आदि देवताओं की प्रार्थना है। धार्मिक दृष्टि से रचित सूक्तों की संख्या इस संहिता में अवश्य ही सर्वाधिक है। यह मंडल, अध्याय तथा सूक्त रूप में विभक्त है। इसमें 10580 मंत्र एवं 1028 सूक्त हैं।

यजुर्वेद : इसमें यज्ञ में उपयोगी मंत्रों का संकलन है। इस तरह यह अनुष्ठान-विषयक संहिता है। इन यज्ञों में दर्शपूर्णमास, अग्निहोत्र, चातुर्मास्य, सोमयाग, वाजपेय, राजसूय, अश्वमेध आदि प्रमुख हैं। यजुर्वेद में कुछ मंत्र पद्यात्मक हैं तथा कुछ गद्यात्मक हैं। गद्यात्मक मंत्र राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत हैं। कर्मकांड में उपयोगी होने के कारण यजुर्वेद अन्य सभी वेदों की अपेक्षा अधिक लोकप्रिय हैं।

सामवेद : इस संहिता से कोई मंत्र तो नहीं लिया गया है फिर भी सामान्य परिचय की अपेक्षा से यहाँ उल्लेख कर दिया गया है। सामवेद का महत्त्व संगीत की दृष्टि

से बहुत अधिक है। इससे ज्ञात होता है कि भारतीय संगीत का उद्‌भव किन स्रोतों से हुआ।

अथर्ववेद : अथर्ववेद के मन्त्रों का द्रष्टा ऋषि अथर्वा है। यह 20 कांडों में विभक्त है। इस वेद में मारण, मोहन, वशीकरण, उच्चाटन, औषधि, राजनीति, राज्यपालन और ईश्वराराधन के बड़े ही उपयोगी मंत्र संगृहीत हैं। अथर्ववेद को सर्वाधिक मानवोपयोगी वेद माना गया है। जीवन के प्रायः सभी पक्षों का स्पर्श इसमें हुआ है, किंतु विशेष रूप से तत्कालीन विश्वासों एवं प्रचलित तंत्र-मंत्र आदि का प्रकाशन इसमें अधिक है। इसी क्रम में अभिचार से संबद्ध क्रियाओं का निरूपण है। शत्रुनाश, आरोग्य-प्राप्ति, गृह-सुख, भूत-प्रेतों का निवारण, कीट-पंतगों का नाश, इष्ट वस्तु का लाभ, विवाह, वाणिज्य, पितृपूजा आदि का विवेचन अथर्ववेद के मंत्रों में हैं। विविध रोगों का स्वरूप बतलाकर उनके निवारण की व्यापक विधि भी इसमें दी गई है।

रामायण : रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संस्कृत काव्य के आदिकवि माने जाते हैं और उनकी कृति आदिकाव्य। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम का पावन चरित वर्णित है। यह काव्यकृति सात कांडों में विभक्त है और इसमें 24,000 श्लोक हैं। कई अर्थों में यह कृति संस्कृत-कविता के नवीन युग का सूत्रपात करती है। महर्षि वाल्मीकि ने एक ओर तो संस्कृत कविता के उच्च मानवीय जीवन-मूल्य प्रस्तुत किए हैं, तो दूसरी ओर कविता के नये कलात्मक रूपों का भी सूत्रपात किया है।

लोक-जीवन का मर्मस्पर्शी चित्रण, उदात्त जीवन-मूल्य, जड़-चेतन का समन्वय तथा विविध सांस्कृतिक धाराओं का सम्मिश्रण रामायण के प्रमुख प्रतिपाद्य बिंदु हैं। रामायण के नायक मर्यादापुरुषोत्तम की पितृभक्ति, भ्रातृस्नेह, शरणागतप्रेम, मैत्रीभाव आदि दिव्यगुण भारतीय संस्कृति के निर्माण में अतीव सहायक सिद्ध हुए हैं। इस तरह राम का पावन चरित्र परवर्ती युग में उदात्त जीवनादर्शों का आधार बनता चला गया और इस आदिकाव्य को उत्तरोत्तर जनप्रिय बनाता गया है।

पंचरात्र : महाकवि भास ने तेरह नाटक लिखे हैं, जिनमें पंचरात्र एक है। यह एक रूपक है जिसमें महाभारत की कथा को आधार बनाया गया है। इसमें पाँच रातों में पांडवों के मिलने तथा दुर्योधन द्वारा आधा राज्य दिए जाने की घटना वर्णित है। भाषा की सरलता, छोटे-छोटे वाक्यों के प्रयोग एवं अभिनेयता आदि की दृष्टि से यह रूपक बहुत महत्त्वपूर्ण है। भास की कल्पनाशक्ति तथा कथानक को सजाने का कौशल उत्कृष्टतम है।

महाभाष्य : यह पतंजलि - प्रणीत एक व्याकरण ग्रंथ है जिसमें पाणिनि के सूत्रों तथा उन पर लिखे वार्तिकों की आलोचनात्मक विस्तृत व्याख्या है। इसके द्वारा पाणिनि का व्याकरण सर्वांगपूर्ण एवं विशद बन गया है। इस महाभाष्य की भाषा सरल और शैली रोचक है।

जातकमाला : आर्यशूर ने तीसरी-चौथी शती में संस्कृत में जातकमाला की रचना की। इसमें कुल 34 जातक हैं। 'जातक' शब्द का अर्थ है पूर्व जन्म संबंधी कथा। इन जातकों में बोधिसत्त्व के पूर्व जन्म के सद् वृत्तान्तों की कथा सरल, गद्यमय संस्कृत में उपनिबद्ध है। लोक-कल्याण एवं परोपकार की भावना को प्रतिपादित करने वाली इन कथाओं के माध्यम से बौद्ध विद्वान् आर्यशूर ने बौद्ध सिद्धांतों की स्थापना के लिए ही इस ग्रंथ की रचना की है।

मृच्छकटिक : संस्कृत नाट्य-साहित्य में शूद्रक और उनकी नाट्यकृति मृच्छकटिक का महत्त्वपूर्ण स्थान है। विश्व की विभिन्न भाषाओं में इस नाटक का अनुवाद हो चुका है। इस नाटक की प्रमुख विशेषता यह है कि इसके पात्र कालिदास तथा भवभूति के पात्रों की तरह विशुद्ध भारतीय न होकर विश्व के नागरिक हैं। दरिद्र चारुदत्त, सदाचारिणी गणिका, वसंतसेना, वीर शर्विलक तथा उन्मत्त शकार ऐसे व्यक्ति हैं जो विश्व के हर समाज में मिलते हैं। मृच्छकटिक में सामाजिक जीवन का यथार्थ चित्रण है।

हितोपदेश : नारायण पंडित ने पंचतंत्र के आधार पर नीति-कथाओं का संग्रह करके हितोपदेश की रचना की। हितोपदेश में चार परिच्छेद हैं - मित्रलाभ, सुहृद्भेद, विग्रह और संधि। इसमें अनेक रोचक और शिक्षाप्रद श्लोक आए हैं।

चरकसंहिता : चरकप्रणीत यह ग्रंथ चिकित्साशास्त्र का प्रसिद्ध एवं प्राचीन ग्रंथ है। इस संहिता में आहार, रोग, रोग-विज्ञान, शरीर-विज्ञान, भ्रूण-विज्ञान, निदान, विशेष एवं सामान्य चिकित्सा का विज्ञान वर्णित है। यह रचना गद्य एवं पद्य दोनों में है।

दशकुमारचरित : दण्डी-प्रणीत यह एक अद्‌भुत कथा-काव्य है। इस में दस राजकुमारों की अनेक रोमांचक घटनायें वर्णित हैं जिनमें एक सामान्य समाज का चित्रण है। दण्डी की सबसे बड़ी विशेषता सरल और ललितपदों से युक्त गद्य लिखने में है। वे लंबे-लंबे समासों और कठोर ध्वनियों से दूर रहते हैं। दण्डी का पद-लालित्य संस्कृत साहित्य में विख्यात है।

महाभारत : महर्षि वेदव्यासप्रणीत अद्‌भुत काव्य ग्रंथ है। इसको पुराण भी कहा जाता है। इतिहास का भी इसमें अलौकिक समावेश है। वाल्मीकिरामायण की भाँति इसमें अधिकतर अनुष्टुप् छंद का प्रयोग किया गया है। इसके विषय में सूक्ति प्रसिद्ध है **'यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्'** अर्थात् इस ग्रंथ में सभी प्रकार के साहित्यिक तत्त्वों का समावेश है। जो इसमें है वही अन्यत्र है। इससे भिन्न कुछ और नहीं है।

पुस्तक के आरंभ में दी गई भूमिका द्वारा छात्रों को संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं के विकास के संक्षिप्त इतिहास का परिचय करवाया गया है। इसके साथ-साथ निर्धारित पाठों के मूलग्रंथ एवं उनसे संबंधित साहित्यकारों का परिचयात्मक ज्ञान भी इसमें समाविष्ट है। पाठ के आरंभ में पाठ-संदर्भ दिया गया है जिससे संकलित अंश का प्रसंग सरलता से छात्रों को बोधगम्य हो सके। कक्षा में छात्रों को सीखने के अधिक अवसर प्रदान करने के लिए पाठों के अंत में विविध अभ्यास प्रश्न भी दिए गए हैं। पुस्तक में आए छंदों तथा अलंकारों का परिचय भी परिशिष्ट 1 तथा 2 में दिया गया है।

प्रस्तुत संकलन की पांडुलिपि को तैयार करने के लिए समय-समय पर आयोजित कार्यगोष्ठियों में भाग लेने वाले जिन विषय-विशेषज्ञों एवं संस्कृत अध्यापकों का मार्गदर्शन तथा सहयोग सुलभ हुआ है, संपादक उन सभी विद्वानों

के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। यद्यपि इस संकलन को यथासंभव छात्रोपयोगी एवं स्तर के अनुरूप बनाने का प्रयास किया गया है तथापि इसे छात्रों के लिए और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अनुभवी संस्कृत अध्यापकों के बहुमूल्य सुझावों का हम सदैव स्वागत करेंगे।

विषयानुक्रमणिका

गांधी जी का जन्तर

तुम्हें एक जन्तर देता हूं। जब भी तुम्हें सन्देह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आजमाओ:

जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शकल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानि क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा सन्देह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

मो॰ क॰ गांधी

प्रथमः पाठः

वेदामृतम्

भारतीय वैदिक वाङ्मय संपूर्ण विश्व का प्राचीनतम वाङ्मय होने के साथ मनुष्य की अंतश्चेतना से फूटी उदात्त कविता का भी प्रथम निदर्शन है। वैदिक काव्य में विश्वशांति, विश्वबंधुत्व, लोकतांत्रिक मूल्य, निर्भयता तथा राष्ट्रप्रेम का संदेश भरा पड़ा है जो आज के वातावरण में पहले से भी अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है।

प्रस्तुत पाठ में वही वैदिक काव्य का अमृततत्त्व संकलित किया गया है - ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद से। इन कविताओं में अत्यंत उदात्त एवं अनुकरणीय आदर्श विद्यमान है।

सङ्गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते।।1।। (ऋ. 10-191-2)

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।।2।। (ऋ. 10-191-4)

मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः।
माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः ।।3।। (ऋ. 1-90-7)

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं
तदु सुप्तस्य तथैवैति ।
दूरङ्गमञ्ज्योतिषां ज्योतिरेकं

तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।4।। (यजु. 34.1)

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्
पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतम्।
शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतम्
अदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।।5।।(यजु. 36-24)

जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसम्
नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्।
सहस्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां
ध्रुवेव धेनुरनुपस्फुरन्ती।।6।। (अथर्ववेदः पृथिवीसूक्तम् 12.1.45)

शब्दार्था : टिप्पण्यश्च

सङ्गच्छध्वम्	–	सङ्गताः संभूताः भवत। सम् पूर्वक गम् धातुः आत्मनेपद लोट् म.पु., बहु.व., साथ चलें।
संवदध्वम्	–	परस्परं विरोधं परित्यज्य एकविधमेव वाक्यं ब्रूत, इति। परस्पर विरोध छोड़कर समान स्वर से एक समान बोलें।
वः (युष्माकम्)	–	तुम्हारा।
मनांसि	–	मन।
संजानताम्	–	समानमेकरूपमेवार्थम् अवगच्छन्तु, समान रूप से अर्थ बोध करें।
पूर्वे देवाः	–	पुरातनाः देवाः, पूर्वकाल के देवगण।
संजानानाः	–	ऐकमत्यं प्राप्ताः, एकमत होकर।
भागम् उपासते	–	हवि के भाग को स्वीकार करते हैं।
आकूतिः	–	संकल्पः, अध्यवसायः, संकल्प।
समाना	–	समानानि, एकविधानि, समान।

सुसह	–	शोभनं साहित्यम्, संगतिः।
असति	–	भवतु (तुम्हारी सुंदर संगति हो जाए)।
मधु	–	माधुर्योपेतम्, माधुर्य से भरी।
ऋतायते	–	ऋतं (यज्ञं) आत्मनः इच्छते यजमानाय, अपने लिए यज्ञ की कामना करने वाले यजमान के लिए
सिन्धवः	–	नद्यः, समुद्राः वा नदियाँ अथवा समुद्र।
ओषधीः	–	फलपाकान्ता ओषधयः, फल के पकने पर जो पौधे नष्ट हो जाते हैं, उन्हें औषधि कहते हैं।
जाग्रतः	–	जागते हुए के।
दूरम् उदैति	–	दूर भाग जाता है।
तदु दैवम् (मनः)	–	तद् दिव्यज्ञानयुक्तं मनः, वही दिव्य विज्ञान युक्त मन।
ज्योतिषाम्	–	इन्द्रियाणाम्, विषयों का प्रकाशन करने वाली इंद्रियों में।
दूरं गमम्	–	सर्वाधिक दूर तक पहुँचने वाली, एकमात्र प्रकाशक।
शिवसंकल्पम्	–	शिवाः संकल्पाः यस्य तत्, मंगलमय, कल्याणकारी विचारवाला।
देवहितम्	–	देवैः स्थापितम्, देवताओं द्वारा स्थापित।
शुक्रम्	–	दिव्य, चमकीला।
चक्षुः	–	नेत्र अर्थात् सूर्य।
पुरस्तात्	–	पूर्वदिशायाम्, पूर्व दिशा में।
उच्चरत्	–	उदितः जातः, उदय हुआ है।
शरदः	–	वर्ष।
शतम्	–	सौ (जीवित रहें)।
अदीनाः	–	न दीनाः, दैन्यात् रहिताः, दीनता से रहित।
भूयश्च शरदः शतात्	–	पुनः पुनः शतात् शरदः एवमेव भवेत्, बार - बार सौ वर्षों से भी अधिक यही स्थिति बनी रहे।
बिभ्रती	–	धारण करती हुई।
विवाचसम्	–	विभिन्न भाषा वाले।

यथौकसम् — धारण करने वाले घर के समान ।
दुहाम् — दुहना।
अनुपस्फुरन्ती — कंपन रहित।

अभ्यासः

1. **संस्कृतभाषया उत्तरत**
   (क) सङ्गच्छध्वम् इति मन्त्रः कस्मात् वेदात् संकलितः?
   (ख) अस्माकम् आकूतिः कीदृशी स्यात्?
   (ग) अत्र मन्त्रे 'यजमानाय' इति शब्दस्य स्थाने कः शब्दः प्रयुक्तः?
   (घ) अस्मभ्यम् इति कस्य शब्दस्य अर्थः?
   (ङ) ज्योतिषां ज्योतिः कः कथ्यते?
   (च) माध्वीः काः सन्तु?
   (छ) पृथिवीसूक्तम् कस्मिन् वेदे विद्यते?
2. **अधोलिखितक्रियापदैः सह कर्तृपदानि योजयत**
   (क) .... संजानानाः उपासते।
   (ख) .... मधु क्षरन्ति।
   (ग) मे .... शिवसंकल्पम् अस्तु।
   (घ) .... शतं शरदः श्रृणुयाम।
3. **शुद्धं विलोमपदं योजयत**
   जाग्रतः वः
   नः अदीनाः
   दीनाः सुप्तस्य
'अस्याः खलु कन्यकायाः सर्व एवावयवा नातिस्थूला नातिकृशा नातिह्रस्वा नातिदीर्घा न विकटा मृजावन्तश्च। रक्ततलाङ्गुली करौ, मांसलौ चाङ्घ्री, वलित्रयेण चालङ्कृतमुदरम्, सन्नतांसदेशे सौकुमार्यवत्यौ बाहुलते, तन्वी कम्बुवृत्तबन्धुरा च कन्धरा, वृत्तमध्यविभक्तरागाधरम्, असंक्षिप्तचारुचिबुकम्, मधुराधीरसंचारमन्थरायतेक्षणम्, इन्दुशकलसुन्दरललाटम्, इन्द्र-नीलशिलाकाररम्यालक-पङ्क्तिः, अनतिभङ्गुरो बहुलः निसर्गसमस्निग्धनीलो गन्धग्राही च मूर्धजकलापः।

सेयमाकृतिर्न व्यभिचरति शीलम्। आसज्जति मे हृदयमस्यामेव। तत्परीक्ष्यैनामुद्वहेयम्। अविमृश्यकारिणां हि नियतमनेकाः पतन्त्यनुशय-परम्पराः इति स्निग्धदृष्टिराचष्ट- 'भद्रे, कच्चिदस्ति कौशलं शालिप्रस्थेनानेन सम्पन्नमाहारमस्मानभ्यवहारयितुम्' इति। ततस्तया वृद्धदासी - साकूतमालोकिता। तस्य हस्तात् प्रस्थमात्रं धान्यमादाय क्वचिदलिन्दोद्देशे सुसिक्तसंमृष्टे दत्तपादशौचं तमुपावेशयत्।

ततः सा कन्या तान्गन्धशालीन् सङ्क्षुद्य तुषैरखण्डैस्तण्डुलान्-पृथक्चकार। जगाद च धात्रीम् - 'मातः, एभिस्तुषैरर्थिनो भूषणमृजाक्रियाक्षमैः स्वर्णकाराः। तेभ्य इमान्दत्वा लब्धाभिः काकिणीभिः काष्ठानि मितम्पचां स्थालीमुभे शरावे चाहर' इति। तथा कृते तया तांस्तण्डुलानसकृदद्भिः प्रक्षाल्य क्वथित पञ्चगुणे जले प्राक्षिपत्। समपक्वेषु सिक्थेषु इन्धनान्यम्भसा समभ्युक्ष्य कृष्णाङ्गारीकृत्य तदर्थिभ्यः प्राहिणोत्।

एभिर्लब्धाः काकिणीर्दत्वा शाकघृतदधि च यथालाभमानय' इति। तथानुष्ठिते च तया द्वित्रानुपदंशानुपपाद्य धात्रीमुखेन स्नानाय तमचोदयत्। स्नातः सिक्तमृष्टकुट्टिमे फलकमारुह्य कदलीपलाशस्योपरि शरावद्वयं दत्तमभिमृशन्नतिष्ठत्। ततस्तस्य शाल्योदनस्य दर्वीद्वयं दत्वा सर्पिर्मात्रां सूपमुपदंशं चोपजहार। सशेष एवान्धस्यासावतृप्यत्। अयाचत च पानीयम्।

वृद्धया च तदुच्छिष्टमपोह्य हरितगोमयोपलिप्ते कुट्टिमे स्वमेवोत्तरीयकर्पटं व्यवधाय क्षणमशेत। परितुष्टश्च विधिवदुपयम्य कन्यां निन्ये। सापि तत्र पतिं दैवतमिव मुक्ततन्द्रा पर्यचरत्। गृहकार्याणि चाहीनमन्वतिष्ठत्। परिजनं च आत्माधीनमकरोत्। तद्गुणवशीकृतश्च भर्ता सर्वमेव कुटुम्बं तदायत्तमेव कृत्वा तदेकाधीनजीवितशरीरस्त्रिवर्गं निर्विवेश। तद् ब्रवीमि - 'गृहिणः प्रियहिताय दारगुणाः' इति।

शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

अनेककोटिसारः	—	बहुकोटि मूल्यधनयुक्तः, कई करोड़ संपत्तिवाला।
अननुगुणदाराणाम्	—	न अनुगुणाः अनुकूलाः दाराः भार्या येषाम्, प्रतिकूल पत्नी वालों का।
गुणवद्	—	गुण+मतुप्, सद्गुणों से युक्त।
समीक्ष्य	—	सम्+ईक्ष+ल्यप् , देखकर।
परप्रत्ययाहृतेषु	—	परस्य अन्यस्य प्रत्ययेन विश्वासेन आहृतेषु आनीतेषु, अन्य व्यक्ति के विश्वास से लाई गई।
यादृच्छिकीम्	—	अभीष्ट, मनोनुकूल।
अनभिसमीक्ष्य	—	न अभिसमीक्ष्य, अभि+सम्+ईक्ष्+क्त्वा >ल्यप्, न देखकर।
कार्तान्तिकः	—	कार्तान्तिको लक्षणज्ञः इति वैजयन्ती, सामुद्रिकशास्त्र का जानकार।
वस्त्रान्तपिनद्धशालिप्रस्थः	—	वस्त्रस्य अन्तेन प्रान्तेन पिनद्धम् शालिप्रस्थम् धान्यविशेषः येन सः, वस्त्र के छोर से चार सेर भर शालि (एक प्रकार का अन्न) बाँधकर।

अभ्यवहारयितुम्	–	भोजयितुम् अभि +अव+हृ+णिच+तुमुन्, भोजन कराने को।
अवधूतः	–	तिरस्कृत, अव+धू+क्त।
प्रविश्य	–	प्र+विश्+क्त्वा > ल्यप्, प्रवेशकर।
शिविषु	–	कावेरी नदी के दक्षिण तटवर्ती शिवि नामक देश विशेष में।
अवसितमहर्द्धिम्	–	अवसिता समाप्ता महती ऋद्धिः सम्पत्तिः यस्याः ताम्, जिसका महान् वैभव समाप्त हो गया हो।
प्रदर्श्यमानाम्	–	प्र+दृश् +णिच्+शानच्, दिखाई जाने योग्य।
ददर्श	–	दृश् धातु, लिट् लकार, प्र.पु., एकवचन, देखा।
संसक्तचक्षुः	–	संसक्ते लग्ने चक्षुषी नेत्रे यस्य सः, आसक्त नेत्र।
विकटाः	–	कुरूप।
मृजावन्तः	–	मृजा+ मतुप्, स्वच्छ, निर्दोष।
अनुशयपरम्पराः	–	अनुशयानां पश्चात्तापानां परम्पराः सन्ततयः, पश्चात्तापो की शृंखलाएं।
साकूतम्	–	आकूतेन सहितम्, साभिप्रायम्, अभिप्राय के साथ।
आदाय	–	आ+दा+ क्त्वा >ल्यप् , लेकर।
अलिन्दोद्देशे	–	द्वारोपान्तप्रदेशे, द्वार के निकट।
दत्तपादशौचम्	–	दत्तं पादशौचं पादप्रक्षालनाय जलं यस्मै तम्। (शक्तिकुमारम्) पैर धोने के लिए जिसे जल दे दिया गया था उसे।
उपावेशयत्	–	उप्+विश्+णिच् लङ् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन, बिठा दिया।
सङ्क्षुद्य	–	सम्+क्षुद् + क्त्वा >ल्यप्, कुट्टयित्वा, कूटकर।
चकार	–	कृ धातु, लिट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन, किया।
जगाद	–	गद् धातु, लिट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन, कहा।

दत्वा — दा+क्त्वा, देकर।
लब्धाभिः — लभ्+क्त्+टाप्, तृतीया बहुवचन।
काकिणीभिः — मुद्रा विशेषैः, कौडियों से।
मितम्पचाम् — मितम् अल्पम् पचति इति, थोड़ी वस्तु पकाने योग्य।
स्थालीम् — पकाने वाला पात्र।
शरावे — मृत्पात्रे, मिट्टी के दो प्याले।
असकृत् — न सकृत्, अनेकवार।
अद्भिः — अप् शब्द तृतीया विभक्ति बहुवचन, जल से।
प्रक्षाल्य — प्र+क्षाल् +क्त्वा > ल्यप् , धोकर।
प्राक्षिपत् — प्र+क्षिप् धातु, लङ्. लकार, प्रथम पुरुष्, एकवचन, डाल दिया।
सिक्थेषु — भक्तेषु, भात के।
समभ्युक्ष्य — सम्+अभि+उक्ष्+क्त्वा >ल्यप् , भिगोकर।
कृष्णाङ्.गारीकृत्य — कोयला बनाकर, कृष्णाङ्.गारं कृत्वा।
प्राहिणोत् — प्रैषयत्, भेज दिया, प्र+हि+लङ्. लकार, प्रथम पुरुष, ए.व.।
उपदंशान् — शाकादीन्, शाकादि व्यंजनों को।
उपपाद्य — पक्त्वा, पकाकर, उप+पद्+णिच्+क्त्वा >ल्यप्।
दर्वीद्वयम् — दर्वीद्वयगृहीतम्, दो करछुलभरा।
सर्पिर्मात्राम् — अल्पम् घृतम्, थोड़ा घी।
अन्धसि — ओदने, भोज्य अन्न के।
पानीयम् — पा+अनीयर्, पेयजल।
अपोह्य — अप्+वह् +क्त्वा >ल्यप् , दूरीकृत्य, दूर हटाकर।
व्यवधाय — वि+अव् +धा+क्त्वा >ल्यप्, आस्तीर्य बिछाकर।
अहीनम् — न हीनम् इति, सुचारू रुप से।
त्रिवर्गम् — धर्म,अर्थ तथा काम पुरुषार्थों को।

निर्विवेश — निर्+विश्, लिट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन, भुक्तवान्, भोगने लगा।

प्रियहिताय — प्रियं च तत् हितं च प्रियहितम् तस्मै, प्रिय और हित के लिए।

गृहिणः — गृह + इन्, षष्ठी विभक्ति एकवचन, गृहस्थ के।

अभ्यासः

1. **संस्कृतेन उत्तरं दीयताम्**
   - (क) अयं पाठः कस्मात् ग्रन्थात् सङ्कलितः? कश्च तस्य रचयिता?
   - (ख) शक्तिकुमारः कुत्र अवसत्?
   - (ग) शक्तिकुमारस्य का चिन्ता आसीत्?
   - (घ) कार्तान्तिकः कः उच्यते?
   - (ङ) कावेरीपत्तने शक्तिकुमारः कीदृशीं कन्यां ददर्श?
   - (च) अनुशयपरम्पराः केषाम् आपतन्ति?
   - (छ) इन्धनानि अम्भसा समभ्युक्ष्य कन्या किमकरोत्?
   - (ज) परितुष्टः शक्तिकुमारः किमकरोत्?
2. **रिक्तस्थानानि पूरयत**
   - (क) शक्तिकुमारः भुवं ....।
   - (ख) .... कन्यां दृष्ट्वा स ब्रवीति स्म।
   - (ग) अस्याः खलु सर्वे .... नातिस्थूलाः।
   - (घ) सापि तत्र पतिं .... पर्यचरत्।
   - (ङ) .... प्रियहिताय दारगुणाः।
   - (च) भर्ता सर्वमेव कुटुम्बं तदायत्तमेव कृत्वा .... निर्विवेश।
3. **तात्पर्यम् विशदीक्रियताम्**
   - (क) नास्त्यदाराणामननुगुणदाराणां वा सुखं नाम।
   - (ख) सेयमाकृतिर्न व्यभिचरति शीलम्।
   - (ग) अविमृश्यकारिणां हि नियतमनेकाः पतन्त्यनुशयपरम्पराः।

(घ) भर्ता त्रिवर्गं निर्विवेश।

(ङ) गृहिणः प्रियहिताय दारगुणाः।

4. **प्रकृतिप्रत्ययविभागः क्रियताम्**

भूत्वा, कन्यावन्तः, लक्षणवती, परीक्ष्य, सम्पन्नम्, समपक्वेषु, लब्धाः, स्नातः, शक्नोषि, संमृष्टे, परितुष्टः, मुक्ततन्द्रा, ब्रवीमि, गृहिणः।

5. **पाठस्य कथासारः संक्षेपेण वर्णनीयः।**

दशमः पाठः

मानो हि महतां धनम्

प्रस्तुत पाठ महर्षि वेदव्यास रचित महाभारत के उद्योग पर्व के 131-134 अध्यायों से संकलित है। इसमें क्षात्र धर्म के कर्त्तव्यों का उपदेश देती हुई कुन्ती के पुरातन इतिहास का उल्लेख करते हुए विदुरा द्वारा सिंधुराज से युद्ध में परास्त अपने पुत्र को, कायरता का त्याग कर, अपने स्वाभिमान को पुनः प्राप्त करने का उपदेश दिया गया है।

इस पाठ के श्लोकों में कुल के उत्थान, दान, तप एवं शौर्य की महिमा का वर्णन किया गया है तथा मानव के पौरुष के स्वरूप का वर्णन है।

- (उद्योग पर्व, 131 अध्याय)

कुन्ती उवाच—

क्षात्रधर्मरता धन्या विदुरा दीर्घदर्शिनी।
विश्रुता राजसंसत्सु श्रुतवाक्या बहुश्रुता।।1।।
विदुरा नाम वै सत्या जगर्हे पुत्रमौरसम्।
निर्जितं सिन्धुराजेन शयानं दीनचेतसम्।
अनन्दनमधर्मज्ञं द्विषतां हर्षवर्धनम्।।2।।
उत्तिष्ठ हे कापुरुष मा शेष्वैवं पराजितः।
अमित्रान्नन्दयन्सर्वान्निर्मानो बन्धुशोकदः।।3।।
उद्भावयस्व वीर्यं वा तां वा गच्छ ध्रुवां गतिम्।
धर्मं पुत्राग्रतःकृत्वा किं निमित्तं हि जीवसि।।4।।
कुरु सत्त्वं च मानं च विद्धि पौरुषमात्मनः।

उद्भावय कुलं मग्नं त्वत्कृते स्वयमेव हि।।5।।
यस्य वृत्तं न जल्पन्ति मानवा महदद्भुतम्।
राशिवर्धनमात्रं स नैव स्त्री न पुनः पुमान्।।6।।
दाने तपसि शौर्ये च यस्य न प्रथितं यशः।
विद्यायामर्थलाभे वा मातुरुच्चार एव सः।।7।।
य आत्मनः प्रियसुखे हित्वा मृगयते श्रियम्।
अमात्यानामथो हर्षमादधात्यचिरेण सः।।8।।

पुत्रः उवाच –
किं नु ते मामपश्यन्त्याः पृथिव्या अपि सर्वथा।
किमाभरणकृत्यं ते किं भोगैर्जीवितेन वा।। 9।।
माता उवाच –
यमाजीवन्ति पुरुषं सर्वभूतानि संजय।
पक्वं द्रुममिवासाद्य तस्य जीवितमर्थवत्।। 10।।
स्वबाहुबलमाश्रित्य योऽभ्युज्जीवति मानवः।
स लोके लभते कीर्त्तिं परत्र च शुभां गतिम्।।11।।
कुन्त्युवाच–
सदश्व इव स क्षिप्तः प्रणुन्नो वाक्यसायकैः।
तच्चकार तथा सर्वं यथावदनुशासनम्।। 12।।

- (उद्योग पर्व, 134 अध्याय)

शब्दार्थाः टिप्पणयश्च

क्षात्रधर्मरता — क्षत्रस्य धर्मः, क्षात्रधर्मः तस्मिन् रता, (तत्पुरुष समास), क्षात्र धर्म का पालन करने वाली।

दीर्घदर्शिनी	—	दीर्घं द्रष्टुम् शीलं यस्याः सा, (उपपद तत्पुरुष), (भविष्य का चिन्तन करने वाली)।
विश्रुता	—	प्रसिद्ध ।
राजसंसत्सु	—	राज्ञः संसत्सु (सप्तमी तत्पुरुष) राज्य सभाओं में।
श्रुतवाक्या	—	निपुण (श्रुतानि वाक्यानि यया सा) न्याय पारंगत।
बहुश्रुता	—	विदुषी।
सत्या	—	सत्य भाषण करने वाली।
जगर्हे	—	गर्ह्, लिट् लकार , प्र.पु., ए.व., निंदा की।
औरसम्	—	उरसः जातम् - सगे बेटे को।
निर्जितम्	—	परास्त, हारे हुए।
शयानम्	—	सोते हुए, लेटे हुए, शीङ्शानच्, द्वितीया, एकवचन।
दीनचेतसम्	—	दीनं चेतः यस्य सः तम् बहुव्रीहि, उदास हृदय वाले।
अनन्दनम्	—	न नन्दनम्, दूसरों को अप्रसन्न करने वाले।
अधर्मज्ञम्	—	धर्मम् जानाति धर्मज्ञः, न धर्मज्ञः, अधर्मज्ञः तम् धर्म को न जानने वाले को।
द्विषताम्	—	शत्रुओं के।
हर्षवर्धनम्	—	हर्षं वर्धयति तम्, प्रसन्न करने वाले।
शेष्व	—	लोट् लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन, सोओ।
अमित्रान्	—	शत्रुओं को।
नन्दयन्	—	प्रसन्न करते हुए।
निर्मानः	—	निर्गतो मानो यस्य सः, सम्मान रहित।
उद्भावयस्व	—	उद्+भू+णिच्(प्रेरणार्थक्) लोट्लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन, प्रकट करो।
विद्धि	—	विद् +लोट्लकार, मध्यमपुरुष, एकवचन।
मग्नम्	—	डूबे हुए (अवनत हुए कुल को)।
शशिवर्धनमात्रम्	—	मात्र संख्या बढ़ाने वाले।

शौर्यम्	—	शूर + ष्यञ्, शौर्यम् तस्मिन्, वीरता में।
प्रथितम्	—	फैले हुए, प्रसिद्ध।
उच्चारः		मल, विष्ठा।
हित्वा	—	हा + क्त्वा, छोड़कर।
मृगयते	—	खोजता है।
आदधाति + अचिरेण	—	उत्पन्न करता है , धारण करता है , शीघ्र।
अपश्यन्त्या	—	न पश्यन्त्या, दृश् +शतृ, स्त्री. तृतीया, एकवचन, न देखते हुए।
आभरणकृत्यम्	—	आलंकारिक कार्य।
आजीवन्ति	—	आश्रय लेते हैं, सहारा लेते हैं।
पक्वम्	—	पच्+क्त, पका हुआ।
आसाद्य	—	आ+सद्+णिच्+क्त्वा >ल्यप् , पाकर।
अर्थवत्	—	सफल।
अभ्युज्जीवति	—	जीवित रहता है।
परत्र	—	परलोक में।
सदश्वः	—	अच्छा घोड़ा।
प्रणुन्नः	—	प्र+ नुद् + क्त, पुं., प्रथमा, एकवचन, प्रेरित किया हुआ।
वाक्यसायकैः	—	वाणी के बाणों से।
तच्चकार	—	तत्+चकार, किया।

अभ्यासः

1. अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तरं संस्कृतेन देयम्

(क) मानो हि महतां धनम् इत्ययं पाठः कस्माद् ग्रन्थात् संकलितः?

(ख) विदुरा कुत्र विश्रुता आसीत्?

(ग) विदुरायाः पुत्रः केन पराजितः अभवत्?

(घ) कः स्त्री पुमान् वा न भवति?

(ङ) कः अमात्यानां हर्षं न आदधाति?

(च) अपुत्रया मात्रा किम् आभरणकृत्यं न भवति?

(छ) कस्य जीवितम् अर्थवत् भवति?

2. **रिक्तस्थानानाम् पूर्तिः विधेया**

(क) विदुरा औरसम् पुत्रं ....।

(ख) हे कापुरुष .... मा शेष्व।

(ग) त्वत्कृते स्वयमेव मग्नं .... उद्भावय।

(घ) यः प्रियसुखे.................. श्रियम् मृगयते।

(ङ) मामपश्यन्त्या .... अपि सर्वथा किम्?

(च) सर्वभूतानि .... यमाजीवन्ति।

(छ) स यथावत् .... चकार।

3. **अधोलिखितानां शब्दानां विलोमान् लिखत**

विश्रुता, सत्या, अधर्मज्ञम्, अमित्रान्, कापुरुषः, प्रथितं, यशः, अचिरेण, आसाद्य।

4. **पञ्चभिः वाक्यैः विदुरायाः चरित्रम् वर्णयत**

छंद-परिचय

क. वैदिक छंद

वैदिक मंत्रों में गेयता का समावेश करने के लिए जिन छंदों का प्रयोग हुआ है उनमें गायत्री, अनुष्टुप् तथा त्रिष्टुप् प्रमुख हैं।

गायत्री

लक्षण : जिस छंद के तीन चरण हों, प्रत्येक चरण में आठ अक्षर हों वह गायत्री छंद होता है। इसका पाँचवाँ वर्ण लघु तथा छठा वर्ण गुरु होता है। उदाहरण -

> **मधुवाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः।**
> **माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।।**

अनुष्टुप्

लक्षण : अनुष्टुप् छंद में चार चरण होते हैं, प्रत्येक चरण में आठ अक्षर होते हैं। समस्त चरणों का पाँचवाँ वर्ण लघु तथा छठा वर्ण गुरु होता है। प्रथम तथा तृतीय चरण का सातवाँ वर्ण गुरु तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण का सातवाँ वर्ण लघु होता है। उदाहरण-

> **सङ्गच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।**
> **देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते।।**

त्रिष्टुप्

लक्षण : जिस छंद के चार चरण हों और प्रत्येक चरण में ग्यारह अक्षर हों वह त्रिष्टुप् छंद होता है। उदाहरण -

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।

ख. लौकिक छंद

प्रस्तुत पुस्तक के अनेक पाठों में अनेक लौकिक छंदों को भी संकलित किया गया है। अतः संकलित श्लोकों के छंदों के लक्षण तथा उदाहरण प्रस्तुत हैं -

1. अनुष्टुप् - (आठ अक्षरों वाला समवृत्त)

लक्षण : अनुष्टुप् छंद के सभी चारों चरणों का पाँचवाँ वर्ण लघु, छठा वर्ण गुरु तथा प्रथम एवं तृतीय चरण का सातवाँ वर्ण गुरु और द्वितीय एवं चतुर्थ चरण का सातवाँ वर्ण लघु होता है। इसे श्लोकछंद भी कहते हैं। उदाहरण-

पतितैः पतमानैश्च, पादपस्थैश्च मारुतः।
कुसुमैः पश्य सौमित्रे ! क्रीडन्निव समन्ततः।।

2. इन्द्रवज्रा -(ग्यारहवर्णों वाला समवृत्त)

लक्षण : जिस छंद के प्रत्येक पाद में दो तगण, एक जगण और दो गुरु वर्ण क्रम से हों वह इन्द्रवज्रा छंद होता है। **स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।** उदाहरण–

हंसो यथा राजतपञ्जरस्थः, सिंहो यथा मन्दरकन्दरस्थः।
वीरो यथा गर्वितकुञ्जरस्थश्चन्द्रोऽपि बभ्राज तथाम्बरस्थः।।

3. उपेन्द्रवज्रा - (ग्यारहवर्णों का समवृत्त)

लक्षण : जिस छंद के प्रत्येक पाद में क्रमशः एक जगण, एक तगण , एक जगण और दो गुरु वर्ण हों वह उपेन्द्रवज्रा छंद होता है। **उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ।** उदाहरण -

स्मरामि न प्राणिवधं यथाहं सञ्चिन्त्य कृच्छ्रे परमेऽपि कर्तुम्।
अनेन सत्येन सरांसि तोयैरापूरयन् वर्षतु देवराजः।।

इस छंद के प्रथम तथा तृतीय चरण उपेन्द्रवज्रा छन्दानुसार तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण इन्द्रवज्रानुसार हैं। अतः इसे उपजाति छंद भी कहा जा सकता है।

4. उपजाति - (ग्यारह वर्णों वाला समवृत्त)

लक्षण : जिस छंद में इन्द्रवज्रा तथा उपेन्द्रवज्रा के चरणों का मिश्रण होता है वह उपजाति छंद होता है।

अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।
इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु वदन्ति जातिष्विदमेव नाम।।

उदाहरण –

जलं प्रसन्नं कुसुमं प्रहासं क्रौञ्चस्वनं शालिवनं विपक्वम्।
मृदुश्च वायुर्विमलश्च चन्द्रः शंसन्ति वर्षव्यपनीतकालम्।।

इसके प्रथम एवं तृतीय चरण उपेन्द्रवज्रा तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण इन्द्रवज्रा छंदानुसार हैं, जिससे यह उपजाति छंद है।

5. मालिनी (पन्द्रह वर्णों वाला समवृत्त)

लक्षण : जिस छंद के प्रत्येक चरण में क्रमशः दो नगण, एक मगण तथा दो यगण हों वह मालिनी छंद होता है। इसके प्रत्येक चरण में आठवें तथा तदनंतर सातवें अर्थात् चरण के अंतिमवर्ण पंद्रहवें वर्ण के बाद यति (विराम) होती है। ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

उदाहरण –

मम हि पितृभिरस्य प्रस्तुतो ज्ञातिभेदस्तदिह मयि तु दोषो वक्तृभिः पातनीयः।
अथ च मम स पुत्रः पाण्डवानां तु पश्चात् सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः।।

अलंकार

लोक में जिस प्रकार आभूषण शरीर की शोभा बढ़ाने में सहायक होते हैं उसी प्रकार काव्य में उपमादि अलंकार उसकी चारुता की अभिवृद्धि करते हैं।

शब्द तथा अर्थ को काव्य का शरीर कहा गया है। अतः काव्य-शरीर का अलंकरण भी शब्द तथा अर्थ दोनों रूपों में होता है। जो अलंकार शब्दों की चारुता की अभिवृद्धि करते हैं वे शब्दालंकार कहे जाते हैं जैसे अनुप्रास, यमक आदि। जो अलंकार अर्थ की चारुता की अभिवृद्धि करते हैं वे अर्थालंकार कहे जाते हैं, जैसे उपमा, रूपक आदि। इन दोनों प्रकार के अलंकारों का प्रस्तुत संकलन के पाठों में प्रयोग हुआ है। कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं -

अनुप्रास : वर्णसाम्यमनुप्रासः।

समान वर्णों की आवृत्ति को अनुप्रास अलंकार कहा जाता है।

उदाहरण -

वहन्ति वर्षन्ति नदन्ति भान्ति ध्यायन्ति नृत्यन्ति समाश्वसन्ति।
नद्यो घना मत्तगजा वनान्ताः प्रियाविहीनाः शिखिनः प्लवंगाः।।

इस श्लोक में आए हुए वहन्ति, वर्षन्ति, नदन्ति, भान्ति, ध्यायन्ति, नृत्यन्ति तथा समाश्वसन्ति इन शब्दों में अनेक वर्णों की समान आवृत्ति है जो श्लोक की चारुता की अभिवृद्धि में सहायक है। अतः यहाँ पर अनुप्रास अलंकार है।

यमक : सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते ।। साहित्यदर्पणम्

जब वर्ण समूह की उसी क्रम से पुनरावृत्ति की जाए किंतु आवृत्त वर्ण समुदाय या तो भिन्नार्थक हो या अंशतः अथवा पूर्णतः निरर्थक हो तो यमक अलंकार कहलाता है। उदाहरण -

प्रकृत्या हिमकोशाढ्यो दूरसूर्यश्च साम्प्रतम्।
यथार्थनामा सुव्यक्तं हिमवान् हिमवान् गिरिः।।

इस श्लोक में हिमवान् शब्द की आवृत्ति हुई है और दोनों पद भिन्नार्थक हैं। अतः यहाँ पर प्रयुक्त अलंकार यमक है जो श्लोक के सौंदर्य की अभिवृद्धि में सहायक है।

उपमा : साधर्म्यमुपमा भेदे। – काव्य प्रकाशः, 10.87
दो वस्तुओं में, भेद रहने पर भी, जब उनका साधर्म्य प्रतिपादित किया जाता है तो वहाँ उपमा अलंकार होता है। उदाहरण -

रविसंक्रान्तसौभाग्यस्तुषारारुणमण्डलः।
निःश्वासान्ध इवादर्शश्चन्द्रमा न प्रकाशते।।

यहां पर सूर्य के प्रकाश से मलिन चन्द्रमा की उपमा निःश्वासों से मलिन आदर्श (दर्पण) से दी गई है। यह उपमा श्लोक के अर्थ की चारुता की वृद्धि में सहायक है।

रूपक :तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः। – काव्यप्रकाशः, 10.93
अतिशय सादृश्य के कारण जहाँ उपमेय को उपमान का रूप दे दिया जाये अथवा उपमेय पर उपमान का आरोप कर दिया जाये वहाँ रूपक अलंकार होता है। उदाहरण-

अनलंकृतशरीरोऽपि चन्द्रमुख आनन्दयति मम हृदयम्।

सौवर्णशकटिका पाठ के इस वाक्य में प्रयुक्त चंद्रमुख शब्द में रूपक अलंकार है। यहाँ पर मुख पर चंद्रमा का आरोप होने से रूपक अंलकार है ।

उत्प्रेक्षा : सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्। - काव्यप्रकाशः, 10.92
उपमेय की उपमान के रूप में संभावना को उत्प्रेक्षा उलंकार कहते हैं। उदाहरण -

पतितैः पतमानैश्च पादपस्थैश्च मारुतः।
कुसुमैः पश्य सौमित्रे ! क्रीडन्निव समन्ततः।।

यहां पर वायु के द्वारा पुष्पों के साथ की जाने वाली क्रीडा की सम्भावना में उत्प्रेक्षा अलंकार है।

अर्थान्तरन्यास : भवेदर्थान्तरन्यासोऽनुषक्तार्थान्तराभिधा। चन्द्रालोक, 5.66
मुख्य अर्थ का समर्थन करने वाले अर्थान्तर (दूसरे वाक्यार्थ) का प्रतिपादन (न्यास) अर्थान्तरन्यास कहलाता है। उदाहरण -

यः स्वभावो हि यस्यास्ति स नित्यं दुरतिक्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा तत्किं नाश्नात्युपानहम्।।

यहाँ पर प्रथम चरण के वाक्यार्थ का समर्थन द्वितीय चरण के वाक्यार्थ द्वारा किया गया है। अतः यहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार है।

अतिशयोक्ति : सिद्धत्वेऽध्यवसायस्यातिशयोक्तिनिर्गद्यते।साहित्यदर्पणम्, 10.46
अध्यवसाय के सिद्ध होने पर अतिशयोक्ति अलंकार होता है। अध्यवसाय का तात्पर्य है- उपमेय के निगरण के साथ उपमान से अभेद का आरोप अर्थात् उपमेय तथा उपमान में अभेद की स्थापना। उदाहरण -

यूथेऽपयाते हस्तिग्रहणोद्यतेन केन कलभो गृहीतः।

यहाँ पर अर्जुन को हस्ती तथा अभिमन्यु को कलभ (हाथी का बच्चा) के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार उपमेय अर्जुन व अभिमन्यु का निगरण कर उन्हें उपमान हस्ती तथा कलभ के रूप में प्रस्तुत किया गया है। अतः यहाँ अतिशयोक्ति अलंकार है।

परिशिष्ट-3

अनुशंसित ग्रंथ

क्र.सं.	ग्रन्थनाम	लेखक	संपादक/प्रकाशक
1.	ऋग्वेद	....	सं प्र. एन.एस.सोनटक्के, वैदिक संशोधन मण्डल, पूना -2, 1946
2.	यजुर्वेद	उव्वटमहीधरभाष्य	चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी,1912
3.	अथर्ववेद	....	सातवलेकर, पारडी, 1957
4.	रामायण	वाल्मीकि	चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1977
5.	पञ्चरात्र	भास	भासनाटकचक्रम्,सं. सी.आर.देवधर ओरियण्टल बुक ऐजन्सी , पूना, 1954
6.	महाभाष्य	पतंजलि	चारुदेव शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1978
7.	जातकमाला	आर्यशूर	सूर्यनारायण चौधरी, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1971
8.	मृच्छकटिक	शूद्रक	निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई
9.	हितोपदेश	नारायण शर्मा	मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
10.	चरकसंहिता	चरक	चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, 1984
11.	दशकुमारचरित	दण्डी	श्रीविश्वनाथ झा (सं.), मोतीलाल बनारसीदास, 1971
12.	कथासरित्सागर	सोमदेव	मोतीलाल बनारसीदास, 1970

13. Sanskrit Dram in its Origin, Development and Theory	A.B.Keith.	Oxford Press, London, 1924
14. संस्कृत नाटक (हिन्दी अनुवाद),	ए.बी.कीथ	मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, अनु. उदयभानुसिंह
15. संस्कृत साहित्य का इतिहास,	बलदेव उपाध्याय,	शारदा मंदिर, वाराणसी, 1973
16. वैदिक साहित्य और संस्कृति	बलदेव उपाध्याय,	शारदा मंदिर, वाराणसी, 1973
17. History of Classical Sanskrit Literature,	M. Krishna-macharya,	Moti Lal, Banarsidas, Delhi
18. A History of Sanskrit Literature,	A.A. MacDonell,	Moti Lal, Banarsidas, Delhi, 1962
19. संस्कृत साहित्य का इतिहास	वाचस्पति गैरोला	चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1978
20. संस्कृत साहित्य की संक्षिप्त रूपरेखा	चन्द्रशेखर पाण्डेय	साहित्य निकेतन, कानपुर, 1964

(7) आवश्यक निर्देश देना ; (8) उचित अभिप्रेरणा का निर्माण करना ;

(9) सम्बन्धित तथ्यों को आलेखित करते रहना और (10) कार्य का सतत् मूल्यांकन करते रहना ।

The above skill was observed on the above ten components and the related data are presented in Table 4.51

Table 4.51 Organisational Skill

S. No.	Components	Mean	SD	't'—value for df=3
1.	सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करना	5.2	1.38	2.81
2.	लोगों से सम्पर्क स्थापित करना	6.5	1.50	1.96
3.	स्थान एवं समय का निर्धारण	6.1	0.96	2.18
4.	अधिकारियों का सहयोग प्राप्त करना	5.9	1.36	1.61
5.	कार्य की रूपरेखा बनाना	4.9	1 65	2.63
6.	आवश्यक समितियाँ स्थापित करना	4.1	1.31	2.14
7.	आवश्यक निर्देश देना	4.8	1.40	—
8.	उचित अभिप्रेरणा का निर्माण करना	5.8	1.77	2.26
9.	सम्बन्धित तथ्यों को आलेखित करना	4.6	1.45	1.61
10.	कार्य का मूल्यांकन करते रहना	4.7	1.73	2.63
	Total	52.6	6.1	1.17

The aggregate of mean scores of NFE Centre teachers over this skill was observed to be 52.6 with a S D Value of 6.10. The following components are identified in which the teachers need priority training ;

(1) Planning an outline of work ;

(2) Constituting necessary committees ;

(3) Giving proper directions to others;

(4) Doing continuous evaluation of the work, and

(5) Recording relevant data.

4.10 Conclusions Regarding Identification of Skills

The results arrived at in this study are summarized in Table 4.52. On the basis of the statistical findings, the different components of various skills have been identified and are reported under headings 4.11, 4.12 and 4.13.

Table 4.52 Mean, S.D. and t-values of the observed 25 skill of Rajgarh and Bhopal samples.

S. No.	Description of the Skill	Rajgarh Sample			Bhopal Sample		
		Mean	S. D.	t	Mean (Aggregate)	S. D.	t
1.	Skill of introducing a lesson	5.31	5.01	0.89	28.20	4.77	3.79
2.	Skill of demonstrating reading	5.41	5.81	2.01	37.30	8.11	2.20
3.	Skill of developing analytical reading	5.19	4.64	1.81	28.05	4.76	2.27
4.	Skill of developing reading for comprehension	5.23	5.45	0.42	32.65	7.07	2.24
5.	Skill of developing emotional reading	5.07	7.50	0 54	27.85	6.48	2.23
6.	Skill of story telling	4.99	9.29	1.24	—	—	—
7.	Skill of describing	5.40	5.63	0.63	33.20	6.72	2.60
8.	Skill of explaining	5.26	6.16	2.30	41.80	9.48	2.84
9.	Skill of developing reading	5.15	4.71	0.35	32.20	6.04	2.67
10.	Skill of fluency in questioning	5.68	5.07	0.87	31.70	6.65	2.08
11.	Skill of probing questioning	4.99	6.59	0.60	26.40	8.92	3.04
12.	Skill of developing handwriting	4.77	6.40	0.89	25.05	4.99	1.85
13.	Skill of using black-board	5.73	6.47	2.66	38. 2	6.73	2.21
14.	Skill of illustrating with examples	4.60	10.29	1.42	38.10	8.38	2.62
15.	Skill of giving classwork	4.72	4.13	1.30	29. 0	5.77	2.25
16.	Skill of recapitualation	5.36	6.66	0.59	33.50	7.37	1.82
17.	Skill of giving homework	5.00	8.32	.99	—	—	—
18.	Skill of developing letter-writing	5.12	8.34	0.16	27. 4	5.52	1.75
19.	Skill of demonstrating	4.79	7.75	0.45	—	—	—
20.	Skill of supervising classwork	5.60	5.47	0.05	30.05	7.13	2.63

S. No.	Description of the Skill	Rajgarh Sample Mean	S. D.	t	Bhopal Sample Mean	S. D. (Aggregate)	t
21.	Skill of developing number operations	4.89	8.59	0.80	28.95	6.83	1.82
22.	Skill of class supervision	5.64	6.98	0.05	30.05	7.13	2.63
23.	Skiil of developing number concepts	5 43	6.25	0.12	29.60	5.81	2.11
24.	Skill of giving dictation	6.11	5.61	0.79	36.20	6.89	2.54
25.	Organisational Skill	5.21	6.12	1.17	—	—	—

4.11. (a) List of Identified Behaviours with a Mean Value Below 5.0 (Rajgarh Sample)

(1) Proper selection of activities in the skill of introducing a lesson.

(2) Facial and other gestures in the skill of demonstrating reading.

(3) Analysis of proper pronunciation and ananlysis of proper stress on words in the skill of analytical reading.

(4) Proper pausing, effective pronunciation and general effectiveness in the skill of developing reading for comprehension.

(5) Proper gesturing in intonation, dramatisation, selection of relevant story in the skill of story–telling.

(6) Proper gesturing in the skill of describing.

(7) Use of linking and closing words, testing students' understanding in the skill of explaining.

(8) Correcting for posture, speed and rhythm in the skill of developing reading.

(9) Prompting, refocussing and increasing critical awareness in the skill of probing questioning.

(10) Correcting for the size of letters, spacing of letters, legibility of handwriting in the skill of developing handwriting.

(11) Using relevant and interesting examples depicted through proper media and extracting examples from students in the skill of illustrating with examples.

(12) Selecting and conducting activities with proper directions in the skill of giving classwork.

(13) Diagnosting type questions by taking into considiration the individual differences in the skill of recapitulation.

(14) Checking pupils' homework.

(15) Analysis and practice of alphabet letters in parts or as a whole in the skill of developing writing letters of alphabets.

(16) Collection, arrangment and use with proper explanations of parts of apparatus of teaching sids in the skill of demonstrating and also asking relevant questions and summarising.

(17) Use of simple, interesting and environment-based examples in the skill of developing number operations.

(18) Comparing numbers in the skill of developing number concepts.

(19) Taking care of individual difficulties in the skill of giving dictation.

4.11. (b) List of Identified Skills Needing Priority in the Training of NFE Teachers : (Rajgarh Sample)

(1) Skills of developing reading, analysis, comprehension and emotional effects;
(2) Skill of story-telling;
(3) Skill of developing handwriting, developing number concepts and number operations;
(4) Skill of demonstrating;
(5) Skill of probing questioning;
(6) Skill of using non-verbal expressions in the classroom.

4.12. (a) List of Identified Behaviours With a Mean Value Below 5.0 of Bhopal Sample :

(1) Proper use of linking words and phrases; proper use of concluding, terminating words and phrases in the skill of explaining;

(2) Asking further information / questions; asking redirection questions; asking refocussing questions and increasing critical awareness questions in the skill of probing questioning;

(3) Formulating examples relevant to the idea or rule; use of interesting examples; using examples by inductive approach; asking students to give examples and sufficient number of examples in the skill of illustrating with examples;

(4) Correcting the legibility of handwriting in the skill of developing handwritng; and

(5) Exhibiting facial expressions and other gestures by the teacher in the skill of developing elementary reading.

4.12.1 List of Identified Skills Needing Priority in the Orientation of Teachers of NFE Centres :

(1) Skill of probing questioning ;

(2) Skill of story-telling ;

(3) Skill of illustrating with examples ;

(4) Skill of demonstrating ;

(5) Skill of giving dictation ;

(6) Skill of giving homework ;

(7) Skill of developing handwriting, developing number concepts and number operations; and

(8) Skill of using non-verbal expressions in the classroom.

4.13. List of Non-verbal Skills :

The four encouraging behaviours have been identified in this study. These behaviours are : (i) facial expression connoting enjoyment or satisfaction by the teacher; (ii) teacher moves in the class to encourage students; (iii) teacher pats backs of the students; and (iv) teacher shows readiness to respond. The restricting behaviour skills include; : (i) teacher stands engrossed in his own work; (ii) teacher scowls and frowns upon the children; and (iii) the teacher discourages the children. The NFE teachers may practise for maximisation of the encouraging behaviours and minimisation of the restricting behaviours.

———

CHAPTER V

Development of Related Instructional Material

5.1 Introduction :

One of the objectives of the study was to develop instructional material for the development of teaching skills. Many instructional skills were identified that are considered essential for teaching at the NFE Centres. These skills were then classified into three main clusters, namely, (1) Presentation skills cluster; (2) Developing skills cluster; and (3) Supervisory skills cluster. Under these clusters, a member of sub-skills were identified and material on selected skills was devcloped. Those skills, of these clusters on which the material has been developed include the following :

(1) Developmental Skills Cluster: Skills of elementary reading; elementary writing; and skill of number concepts;

(2) Presentation Skills Cluster: Skills of demonstration and experimentation.

(3) Supervisory and Organising Skills Cluster ; Skills of Orientation; Organisation of an NFE Centre and Community Cooperation.

The material on the above skills consists of introductory remarks and direction to teachers with illustrative examples of the components of the skills. The material contains lesson transcripts with commentary remarks and some preliminary analysis. The verbal interactions of the NFE Centre teachers with the children were recorded on tape and lesson transcripts prepared. These were further analysed which enabled us to delineate and identify components of the skills.

Another set of material was prepared specially with a view to bringing further clarity in conceptual understanding of the components of the skills. It consists of the meanings of the skills, their components and illustrative examples, derived from the various teaching situations. The skills identified under the various clusters, are dealt with at length in the following pages. It may be added that the material on the non-verbal behaviours was not developled as this study confined itself only to the delineation of their components.

52. Skill of Elementary Reading (प्रारम्भिक वाचन कौशल)

प्राथमिक स्तर पर छात्रों को हिन्दी भाषा का ज्ञान देने के लिए अध्यापक विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करता है। इन गतिविधियों का एक उद्देश्य छात्रों में भाषा के प्रति रुचि विकसित करना भी है। छात्रों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने का एक माध्यम शिक्षक द्वारा किया जाने वाला वाचन है। एक शिक्षक किस प्रकार से अपने वाचन को प्रभावी बनाकर छात्रों में भाषा के प्रति रुचि विकसित कर सकता है, प्रारम्भिक वाचन कौशल कहलाता है। इस कौशल को निम्नलिखित सात घटकों में विभक्त किया जा सकता हैं :

१. शिक्षक की कक्षा में स्थिति;
२. पुस्तक पकड़ने का सही तरीका;
३. शुद्ध/स्पष्ट उच्चारण;
४. यति एवं विराम का प्रयोग;
५. आरोह – अवरोह;
६. हाव भाव; तथा
७. वाक्य पूर्णता/शुद्धता;

५.२.१ शिक्षक की कक्षा में स्थिति :

वाचन करते समय अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में शिक्षक की स्थिति वाचन को अधिक रसमय बना सकती है। वाचन करते समय नीचे दिये गये बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखा जा सकता है।

(अ) आदर्श वाचन करते समय शिक्षक बच्चों के सामने या मध्य में खड़ा हो।

(ब) शिक्षक एक कोने में न खड़ा हो जिससे बालकों को शिक्षक की ओर देखने के लिये अधिक न मुड़ना पड़े या बालकों को ऊंची गरदन करके न देखना पड़े।

(स) शिक्षक एकदम पीछे भी न खड़ा हो जिससे सामने वाले बालकों को मुड़कर न देखना पड़े।

५.२.२ पुस्तक पकड़ने का सही तरीका :

वाचन को प्रभावशाली बनाने के लिए पुस्तक को पकड़ने का तरीका भी सही होना चाहिए। इसके लिये नीचे दिये गए चार बिन्दुओं की ओर ध्यान दिया जा सकता है :

(अ) पुस्तक को मोड़कर न पकड़ें।

(ब) आंखों से पुस्तक की दूरी सामान्य रखें।

(स) झुककर न पढ़ें।

(द) पुस्तक को नीचे न रखें।

५.२.३ शुद्ध/स्पष्ट उच्चारण :

उच्चारण करते समय प्रायः दो प्रकार की अशुद्धियां पाई जाती हैं। एक का सम्बन्ध व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण से है तथा दूसरे का स्वर उच्चारण से। आदर्श वाचन करते समय शिक्षक इस अशुद्धि से बचें। उदाहरण के लिए 'सड़क' को 'सरक' न पढ़ें या 'शक्कर' को सक्कर न पढ़ें। प्रायः 'स' – 'श' या फिर 'र' 'ड़' या 'ड' को उच्चारण करने में गलती होती है। दूसरी अशुद्धि स्वरों के उच्चारण से है। जैसे अनेक बार हम 'मैंने' को 'मेंने' या 'सामाजिक' को 'समाजिक' बोलते हैं। इसलिये शिक्षक अपने उच्चारण को पहले सुधारने का प्रयास करें नहीं तो बालक भी उन गलतियों को सीखेंगे।

शिक्षक इस प्रकार से पढ़ें या बोलें जिसे बालक/बालिकायें आसानी से समझ सकें। इसके लिये नीचे दी गई तीन बातों का ध्यान रखना लाभप्रद होगा :

(अ) इतना धीमें भी न बोलें कि बालकों को सुनाई ही न दे।

(ब) इतना जोर से भी न बोलें कि आवाज में कर्कशता उत्पन्न हो जाए।

(स) वाचन में कोमलता एवं स्पष्टता लाई जाए।

५.२.४ यति एवं विराम का प्रयोग (पदबन्ध विश्लेषण) :

पढ़ते समय अर्धविराम, (,) तथा पूर्णविराम (।) का प्रयोग अत्यन्त आवश्यक है। इनका सही उपयोग न करने से अनेक बार वाक्य का अर्थ ही बदल जाता है। उदाहरण के लिये नीचे दिए गए वाक्य में अर्धविराम का स्थान बदलने से अर्थ बदल जाते हैं।

मोहन को रोको मत, जाने दो।

मोहन को रोको, मत जाने दो।

अर्धविराम तथा पूर्णविराम के अतिरिक्त वाक्य को पढ़ते समय कई स्थानों पर स्वतः विराम देना पड़ता है जिससे वाक्य अटपटा न लगे। ऐसे स्वतः विराम को यति कहते हैं।

नीचे दिये गए दो बिन्दुओं की ओर यदि ध्यान दिया जाए तो वाचन को अधिक सारगर्भित बनाया जा सकता है।

(अ) शिक्षक को यति एवं विराम को ध्यान में रखकर पढ़ना चाहिये।

(ब) पुस्तक से पाठ पढ़ते समय शिक्षक को पदबन्धों के आधार पर यति का प्रयोग करना चाहिये। यथा निम्नलिखित उदाहरण में पदबन्धों को रेखांकित किया गया है :

<u>विचारों की अभिव्यक्ति ही भाषा है</u>। <u>अगर शिक्षक का उच्चारण शुद्ध और स्पष्ट है तो छात्रों को</u> समझने में आसानी होगी।

५.२.५. आरोह - अवरोह :

पाठ पढ़ते समय एक ही लय में नहीं पढ़ना चाहिये बल्कि भावों के उतार चढ़ाव को भी ध्यान में रखना चाहिये । उदाहरण के लिये नीचे एक ही वाक्य को तीन ढंग से लिखा गया है जिसमें उन्हीं पाँच शब्दों का प्रयोग किया गया है लेकिन उच्चारण में आरोह—अवरोह भिन्न भिन्न होने से उनका आशय बदल गया है ।

उदाहरण	आशय
(अ) हां, वह आ रहा है ।	सूचनामात्र
(ब) हां, <u>वह</u> आ रहा है ।	केवल 'वह' और कोई नहीं
(स) <u>हां</u> ! वह आ रहा है ?	विस्मय सूचक

५.२.६ हाव—भाव :

आरोह-अवरोह के अतिरिक्त वाचन करते समय यदि शिक्षक चेहरे के उतार चढ़ाव (भाव) तथा हाथ आदि की क्रियाओं (हाव) का भी उचित प्रयोग करे तो बच्चे शिक्षक द्वारा किये जाने वाले वाचन में अधिक रुचि लेते हैं । इसलिये शिक्षक को निम्नलिखित तीन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिये ।

(अ) पाठ के अनुसार ही हाव भाव प्रदर्शित किये जायें ।

(ब) वीरता का पाठ पढ़ाते समय चेहरे पर वीरता और उत्साह के भाव हों ।

(स) हाव भाव परिवर्तन इतना अधिक तथा अस्वाभाविक न हो कि स्थिति हास्यास्पद बन जाए ।

५.२.७ वाक्य पूर्णता/शुद्धता :

पढ़ते समय यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि आप जो भी बोलें वह वाक्य शुद्ध हो तथा उसका अर्थ पूर्ण हो । अधूरा या अशुद्ध वाक्य कभी न बोलें ।

उदाहरण : (अ) उसे न जाते बनता था । (अशुद्ध)
(ब) न उसे जाते बनता था । (अशुद्ध)
(स) उससे जाते नहीं बनता था । (शुद्ध)

इस प्रकार ऊपर दिए गए घटकों का अभ्यास करते हुए प्रारम्भिक वाचन कौशल में दक्षता प्राप्त की जा सकती है ।

5.3. Skill of Elementary Writing (प्रारम्भिक लेखन कौशल)

लेखन एक महत्वपूर्ण क्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने विचारों को लिखित रूप में अन्य व्यक्तियों के सामने रखता है । लेखन सामान्य व्यक्ति के जीवन में भी काफी महत्वपूर्ण है, अतः व्यक्ति का लेखन अच्छा होना नितान्त

आवश्यक है। प्रायः यह देखा जाता है कि अधिकांश व्यक्ति साफ नहीं लिख पाते। व्यक्तियों का लेखन साफ हो इसके लिए प्रारम्भिक अवस्था में ही लेखन का अभ्यास कराना आवश्यक है। अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में शिक्षक निम्न घटकों के अभ्यास द्वारा बच्चों में लेखन के लिये रुचि का विकास कर सकता है।

(१) स्लेट, तख्ती, कापी, अभ्यास पुस्तिका तथा लेखनी पकड़ने का सही तरीका;

(२) शब्द विश्लेषण;

(३) अक्षर की संरचना का विश्लेषण;

(४) अक्षर के विभिन्न भागों का अभ्यास;

(५) अक्षर के विभिन्न भागों को मिलाना;

(६) पूर्ण अक्षर का अभ्यास; तथा

(७) उक्त क्रियाओं का निरीक्षण

५.३.१ स्लेट तख्ती, कापी, अभ्यास पुस्तिका तथा लेखनी पकड़ने का सही तरीका :

लेखन कार्य का अभ्यास कराने से पूर्व छात्रों को स्लेट, तख्ती, कापी, अभ्यास पुस्तिका तथा लेखनी (कलम) पकड़ने का उचित तरीका अपनाया जाना आवश्यक है। केन्द्र के बालक जमीन पर ही बैठकर काम करते हैं। इसलिए स्लेट तख्ती या कापी को ऊपर किए हुए दायें घुटने पर रखकर लिखा जाना आसान रहेगा। झुककर न लिखे। पैन्सिल या कलम को आगे की ओर अंगूठे तथा साथ की दो अंगुलियों के बीच में पकड़कर सुन्दर लेख लिखा जाता है। शिक्षकगण इस बिन्दु की ओर ध्यान दें तो लेखन अच्छा करवाया जा सकता है।

५.३.२ शब्द का विश्लेषण

अध्यापक जिस अक्षर का ज्ञान छात्रों को कराना चाहें, उस अक्षर से प्रारम्भ होने वाले किसी सरल शब्द को चुनें। शब्द चुनने के बाद उसका अक्षरों में विश्लेषण करें। मान लीजिए कि अध्यापक 'र' अक्षर का ज्ञान छात्रों को देना चाहता है। अध्यापक 'र से आरम्भ हो रहे सरल शब्द 'रथ' या 'रतन' को चुन सकता है। इन शब्दों का अक्षरों में विश्लेषण निम्न प्रकार किया जा सकता है।

रथ = र, थ

रतन = र, त, न

५.३.३ अक्षर की संरचना का विश्लेषण

शब्द का अक्षरों में विश्लेषण करने के बाद अध्यापक को पहले अक्षर 'र' की बनावट पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करना चाहिए। अक्षर की संरचना को उसके विभिन्न भागों में विभाजित किया जाना लाभप्रद रहेगा।

र = −, |, ॒ या १ २र ३

५.३.४ अक्षर के विभिन्न भागों का अभ्यास

अक्षर को उसके विभिन्न भागों में विभाजित करने के बाद छात्रों को क्रमानुसार अलग-अलग भागों में अभ्यास कराना चाहिए ।

— ० —

५.३.५ अक्षर के विभिन्न भागों को मिलाना :

इस क्रिया में अक्षर के अलग-अलग भागों को क्रमानुसार मिलाकर अक्षर की आकृति स्पष्ट करनी चाहिए ।

र र र र

५.३.६ पूर्ण अक्षर का अभ्यास :

इस प्रकार के पूर्ण अक्षर का अभ्यास छात्रों को तब तक कराते रहना चाहिए जब तक वह उसमें कौशल प्राप्त न कर ले ।

५.३.७ उक्त क्रियाओं का निरीक्षण :

जब छात्र उक्त गतिविधियों को कर रहे हों, तब अध्यापक को उन गतिविधियों का निरीक्षण करते रहना चाहिए तथा आवश्यकतानुसार छात्रों की सहायता करनी चाहिए ।

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में पढ़ रहे छात्र खेतों में काम करने वाले या मजदूरी करने वाले होते हैं । हमारा अनुभव यह है कि उन बालकों के हाथों की मांसपेशियां इतनी कठोर हो जाती हैं कि उन्हें लिखने में कठिनाई होती है । इसलिए किसी भी अक्षर या शब्द को कापी या स्लेट पर लिखने से पूर्व अंगुली से हवा में, रेत या मिट्टी पर अक्षर का अभ्यास करना अधिक लाभकारी सिद्ध होगा । इस प्रकार से अध्यापक विभिन्न अक्षरों तथा शब्दों का ज्ञान छात्रों को दे सकता है ।

5.4 Skill of Number Concept (प्राथमिक गणित शिक्षण कौशल)

अध्यापक की गतिविधियों का वह समूह जिसके द्वारा अध्यापक छात्रों को प्राथमिक गणित का ज्ञान देता है, प्राथमिक गणित शिक्षण कौशल कहलाता है । इस कौशल को निम्नलिखित घटकों में बांटा जा सकता है :

१) संख्याओं का ज्ञान (मौखिक),
२) अंकों की पहचान,
३) संख्याओं का आरोही क्रम,
४) संख्याओं का अवरोही क्रम,
५) सख्याओं को लिखने का अभ्यास,

६) स्थानीय मानों का ज्ञान,

७) स्थानीय मानों का अभ्यास,

८) धन (+) का प्रत्यय,

९) ऋण (−), भाग (÷) तथा (×) गुणा का प्रत्यय।

५.४.१ संख्याओं का ज्ञान (मौखिक) :

गणित अध्यापन में सबसे पहले बच्चों को संख्याओं का मौखिक ज्ञान देना आवश्यक है। अतः गणित में सबसे पहले छात्रों को संख्याओं का ज्ञान देना चाहिए। संख्याओं का ज्ञान अध्यापक कई विधियों से करा सकता है। परन्तु ज्ञात से अज्ञात की ओर चलना अधिक लाभकारी सिद्ध होगा। संख्याओं का ज्ञान देने के लिए स्थानीय वस्तुओं के उदाहरण दिये जा सकते हैं जिससे बच्चे अपने पर्यावरण का प्रयोग करके ही संख्याओं का ज्ञान सीख सकें।

उदाहरण :- १) तुम्हारे कितने भाई हैं ?

२) तुम्हारी कितनी बहनें हैं ?

३) तुम्हारे खेत में कितने पेड़ हैं ?

४) तुम्हारे यहां कितनी गाय हैं ?

५) तुम्हारे पड़ोसी के यहां कितनी भैंसें हैं ?

६) तुम्हारे यहां कितने बैल हैं ?

५.४ २ अंकों की पहचान :

छात्रों को संख्याओं का मौखिक ज्ञान देने के पश्चात उन्हें १ से ९ तक के अंकों की पहचान कराई जाए। अंगुली के संकेतों द्वारा बालकों को समूह में विभाजित करके गांव के पेड़, पौधों, पशुओं, कुओं आदि के उदाहरणों की सहायता से अंकों का ज्ञान तथा उनके लिए प्रयुक्त किए गये संकेतों (१, २, ३, ४, ५ इत्यादि) की पहचान छात्रों को कराई जा सकती है। पुनः इस क्रिया का बार-बार अभ्यास करके यह निश्चित कर लिया जाए कि छात्र अब अंकों की पहचान करने लगे हैं। बच्चों को खेल-खेल में खेलने वाली गोलियों की मदद से भी अंकों व संख्याओं का ज्ञान आसानी दिया जा सकता है। इस कार्य को अधिक रोचक बनाने के लिये गत्ते या लकड़ी के अंकों के कार्ड भी बनाये जा सकते हैं।

५.४.३ संख्याओं का आरोही क्रम :

जब छात्रों को अंकों का व संख्याओं का ज्ञान व पहचान हो जाय तब उन्हें बढ़ते हुए क्रम में संख्याओं का ज्ञान देना चाहिए। ऐसा करने से बालकों को कम तथा अधिक की अवधारणा, समझने में मदद मिलेगी (१, २, ३, ४, ५,.....) यह क्रम बार-बार अभ्यास द्वारा भलीभांति हो जाता है। अभ्यास व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप

से भी कराया जा सकता है। छात्रों को आरोही क्रम में संख्याओं का ज्ञान देते समय उनके सामने स्पष्ट कर दिया जाए कि आगे आने वाली संख्या पहले आई हुई संख्याओं से बड़ी होती हैं।

जैसे :- २१, २२, २३, २४, २७, ३० इत्यादि।

५.४.४ संख्याओं का अवरोही क्रम :

आरोही क्रम में संख्याओं का ज्ञान देने के बाद छात्रों को अवरोही क्रम (उल्टी गिनती) में भी संख्याओं का ज्ञान दिया जाए। उल्टी गिनती के अभ्यास के समय इस बिन्दु पर जोर दिया जावे कि हर आगे आने वाली संख्या पहले वाली संख्याओं से छोटी होती है। जैसे ९८, ९६, ९४, ८४, ६४ इत्यादि।

५.४.५ संख्याओं को लिखने का अभ्यास :

अंकों व संख्याओं के ज्ञान व पहचान तथा उन्हें आरोही अवरोही क्रम में सिखाने के बाद छात्रों को अंकों व संख्याओं को लिखना सिखाना आवश्यक है। लिखने का काम अंकों तथा संख्याओं की पहचान करवाते समय साथ साथ भी करवाया जा सकता है। अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में क्योंकि ९ वर्ष या इससे अधिक उम्र के बच्चे आते हैं जो कि घर व खेतों में काम करते हैं अतः उनकी मांसपेशियां इतनी कठोर हो जाती है कि लिखने में परेशानी होती है। इसलिये पैन या पैन्सिल से लिखाने से पहले छात्रों को अंगुलियों की सहायता से रेत पर अंक लिखना सिखाया जावे। पुनः जब पेन या पैन्सिल द्वारा कागज पर लिखवाना हो तो सबसे पहले अंकों को उनके सरलतम रूपों में विभाजित कर अंकों को लिखना सिखाया जाए।

उदाहरण :-

1 = 1
3 = – / ɔ
4 = 1–1
5 = –1)
7 = 1 – /
9 = c \
8 = o o

अंकों के विभिन्न भागों का अभ्यास करवा कर उनको परस्पर मिलाना सिखलाया जाये जिससे पूरे अंक को लिखने का ज्ञान बालक को हो जावे। इसके पश्चात पूर्ण अंकों को लिखने का अभ्यास करवाया जावे।

५.४.६ स्थानीय मानों का ज्ञान :

अंकों को लिखना सिखलाने के पश्चात अध्यापक द्वारा स्थानीय मानों की जानकारी देना लाभप्रद सिद्ध होगा। इकाई, दहाई, सैकड़ा आदि प्रत्ययों की जानकारी समयानुसार दी जाए।

उदाहरण के लिए १५ में ५ का अंक इकाई है तथा एक का अंक दहाई है। संख्याओं को विभाजित करके भी यह बात बतलाई जा सकती है।

१५ = १०+५; ३७ = ३०+७; ६८ = ६०+८

इससे यह स्पष्ट है कि संख्या १५ में १ का अर्थ एकबार दस, संख्या ३७ में ३ का अर्थ तीन बार दस अर्थात तीस तथा संख्या ६८ में ६ का अर्थ छः बार दस अर्थात साठ है। इन संख्याओं में ५, ७ तथा ८ का अर्थ ५, ७ तथा ८ ही है।

इसी प्रकार से बालकों को सैकड़े की अवधारणा भी समझाई जा सकती है। उदाहरण के लिए २३९ की संख्या को नीचे दिये गये ढंग से लिखा जा सकता है परन्तु इस प्रकार का विश्लेषण धन (+) की अवधारणा के बाद बताना अधिक लाभप्रद रहेगा।

२३९=२००+३०+९

उपरोक्त संख्या में २ का अर्थ दो बार सौ अर्थात २००, ३ का अर्थ तीन बार दस अर्थात तीस तथा ९ का अर्थ ९ ही है।

५.४.७ स्थानीय मानों का अभ्यास :

स्थानीय मानों की जानकारी के बाद छात्रों को स्थानीय मानों का अधिक से अधिक अभ्यास करना आवश्यक है। इस प्रकार से अभ्यास करते समय स्थानीय वस्तुओं की सहायता अधिक प्रभावकारी रहेगी। कितने घर, कितने आदमी, कितने पेड़ आदि। खेल-खेल द्वारा ही इन मानों का अभ्यास कराया जा सकता है।

५.४.८ धन (+) का प्रत्यय :

अंकों व संख्याओं की जानकारी व स्थानीय मानों के अभ्यास के बाद छात्रों को धन (जमा) के प्रत्ययों से अवगत कराना चाहिए। धन के प्रत्ययों को उदाहरण के माध्यम से बच्चों को बताना अधिक आसान व लाभकारी होगा। उदाहरण देते समय नीचे दिये गये तीन बिन्दुओं की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए :

(i) उदाहरण बालकों के पर्यावरण पर आधारित हों। ऐसी घटनाओं द्वारा जो कि बच्चों के दैनिक जीवन में नित्य घटती हों, धन को प्रत्यय को समझाना चाहिए।

(अ) कांच की गोलियों से खेलते समय–पहले आपके पास पांच गोलियां थी, आपने रामू की तीन गोलियां जीत ली, अब आपके पास कितनी गोलियां हैं ?

(ब) गुल्ली डण्डे के खेल में–पहली बार आपने दस डण्डे बनाए, और दूसरी बार में आपने १५ डण्डे बनाए। बताओ आपने कुल कितने डण्डे बनाएं ?

(ii) उदाहरण स्पष्ट हों।

ऐसे उदाहरणों का प्रयोग किया जाय जो स्पष्ट हों तथा बच्चों की समझ में आसानी से आ जाएं।

(ii) उदाहरण सरल से कठिन की ओर हों।

(अ) धन के प्रश्नों का अभ्यास कराते समय अध्यापक को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि पहले बहुत ही सरल उदाहरण लें जिनमें केवल ९ तक के अंकों का ही प्रयोग हो।

३	४	६	१
+५	+३	+२	+८
——	——	——	——
——	——	——	——

(ब) जब छात्र सरल प्रश्नों को भलीभांति करलें तब उनसे कुछ कठिन प्रश्नों का प्रयोग किया जा सकता है जिनमें कोई हासिल लेने की आवश्यकता न हो।

५	११	१५	६३	३२१
+३	+२८	+४४	+२५	+६५४
——;	——;	——;	——;	——
——	——	——	——	——

(स) अब ऐसे उदाहरण चुने जायं जिनमें हासिल तो लिया जाय परन्तु शून्य न आए।

२३	३७	५९
+४८	+५६	+३८
——	——	——
——	——	——

(द) इसके बाद ऐसे उदाहरण भी लिये जा सकते हैं जिनमें दो अंकों वाली संख्या में केवल एक अंक जोड़ा जावे।

२८ + ३ = ...; ६५ + ७ = ...; ४६ + ८ = ...,

(इ) ऊपर दिये गये सभी उदाहरण करवाने के पश्चात ऐसे उदाहरण लिए जायं जिनके योग में इकाई या दहाई के स्थान पर शून्य आती है।

२३	४	२३५
+२७	+५६	+८४५
——,	——,	——,
——	——	——

इस प्रकार सरल प्रश्नों से जटिल प्रश्नों की ओर बढ़ते हुए धन के प्रत्यय को आसानी से समझाया जा सकता है। प्रत्यय को छात्र जब भलीभांति सीख जाएं तब पुस्तक में दिये गये प्रश्नों को करवा दिया जावें।

५.४६ ऋण, भाग, तथा गुणा के प्रत्यय :

ठीक धन के प्रत्यय के समान ही इन प्रत्ययों को भी छात्रों को सिखलाया जाए। शिक्षक की गतिशीलता, सोचने की शक्ति तथा कर्मठता द्वारा कठिन से कठिन अवधारणा को भी आसान बनाया जा सकता है।

5.5 Skill of Observation (अवलोकन कौशल) :

अवलोकन एक प्रकार का सूक्ष्म निरीक्षण है। अवलोकन का अभिप्राय यह है कि बालक अपने आस पास के पर्यावरण तथा घर में या घर से बाहर घटने वाली घटनाओं को बारीकी से देखे जिससे घटनाओं या आसपास की वस्तुओं के बारे में अधिक से अधिक जिज्ञासा बालक में पैदा हो सके। अवलोकन ही वह कौशल है जिसके द्वारा अनौपचारिक केन्द्र का अध्यापक बालकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा कर सकता है।

यदि शिक्षक बालक में सूक्ष्म अवलोकन का कौशल पैदा कर देता है तो बालक स्वत: अनेक घटनाओं के कारण खोजने की कोशिश करेंगे। जिससे वैज्ञानिक दृष्टिकोण पनपने में सहायता मिलेगी। बालकों से किसी भी स्थान, प्रयोग या वस्तु का अवलोकन करते समय नीचे दिये गये बिन्दुओं पर ध्यान देना लाभप्रद सिद्ध होगा।

(१) अवलोकन पर ले जाने से पूर्व केन्द्र के बालकों को अध्यापक द्वारा सामान्य परिचय दिया जाए।
(२) अवलोकन के समय बालकों को किन-किन बिन्दुओं को देखना है इसकी जानकारी दी जाए।
(३) अध्यापक बालकों को अवलोकन लिपिबद्ध करने के लिये कहे।

कालम (अ)	कालम 'ब'
गतिविधियां	उपलब्धियां
(१) अनौपचारिक केन्द्र शिक्षक बालकों को गांव का भ्रमण करवायेगा। गांव मे पाये जाने वाले विभिन्न कार्यों का एवं घरों का अवलोकन करवायेगा। जैसे कच्चा, पक्का या घास फूस से बना मकान।	घरों की जानकारी
(२) घरों में सुविधाओं का अवलोकन (अ) रसोई घर की व्यवस्था। (ब) पशु बांधने का स्थान। (स) पानी (पीने का) की व्यवस्था। (द) गंदे पानी का निकास। (इ) शयन कक्ष।	घरों में सुविधायें तथा घरों की स्वच्छता

(३) परिवार (अ) परिवार में सदस्यों की संख्या । (ब) माता-पिता, पति-पत्नि, भाई-बहन तथा पड़ौसियों के परस्पर सम्बन्ध	बच्चों की संख्या और परिवार की स्थिति रिश्ते की जानकारी

इस कौशल के विकास के लिए इसी प्रकार दूसरे स्थानीय उदाहरण भी लिये जा सकते हैं।

5.6 Skill of Demonstration (प्रदर्शन कौशल) :

प्रदर्शन का कौशल वह कौशल है जिसके माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र का शिक्षक छात्रों को विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी वास्तविक रूप में दिखलाना चाहता है।

प्रदर्शन के लिये सावधानियां :

(१) अध्यापक जिन बिन्दुओं का प्रदर्शन करना चाहता है प्रदर्शन से पहले समूह के सामने उनका सामान्य परिचय दे।

(२) प्रदर्शन की वस्तु का आकार ऐसा हो कि जिसे सभी छात्र देख सकें।

(३) प्रदर्शन के पश्चात, प्रदर्शन के विभिन्न बिन्दुओं पर खुली चर्चा की जाए।

प्रदर्शन कौशल के विकास के लिए नीचे कुछ उदाहरण लिये गये हैं। कालम 'अ' के अन्तर्गत गतिविधियां दी गई है तथा कालम 'ब' के अन्तर्गत अपेक्षित उपलब्धियां दर्शाई गई हैं।

कालम 'अ'	कालम 'ब'
गतिविधियां	उपलब्धियां
१ एक टार्च लेकर उससे गेंद पर रोशनी डालना तथा गेंद को घुमाते रहना। गेंद पर प्रकाश वाले भाग की तुलना दिन तथा अंधेरे भाग की तुलना रात से की जा सकती है।	रात और दिन बनने की अवधारणा स्पष्ट होगी।
२ (अ) पानी को गरम करके भाप बनते हुये दिखलाना (ब) धूप और तेज हवा में कपड़े डालकर वाष्पन की गति का प्रदर्शन करना।	पानी के वाष्पन और उसकी गति को समझ सकेगा।
३ अध्यापक बालकों को गावों के खेतों में ले जाकर विभिन्न प्रकार के खेतों को बतलावेगा जैसे पत्थर वाले खेत, काली मिट्टी	बालक फसलों के प्रकार और मिट्टी के सम्बन्ध में जान सकेंगे।

वाले खेत। दोनों खेत मालिकों से उपज की बातचीत करेगा। अलग-२ खेतों में अलग-२ फसल अच्छी होती है। बरसात में पाले बंधे खेतों को दिखलावेगा तथा नालियों में पौधों के आसपास मिट्टी का जमाव दिखलायेगा।	बच्चे पालों और वृक्षों द्वारा मिट्टी के बचाव को समझ सकेंगे।
४- (अ) चुम्बकों का आपस में विकर्षण और आकर्षण बतलाना	चुम्बकीय गुण की जानकारी।
(ब) चुम्बक से लोहे की वस्तु को चिपकाकर दिखलाना।	
(स) चुम्बक का स्वतन्त्र रूप से लटकाने पर उत्तर दक्षिण दिशा में ठहरना।	
५- (अ) कैंची, सरौता, पच्चड़ तथा झूले के उत्तोलकों को दिखलाना.	उत्तोलकों की जानकारी।
(ब) विभिन्न प्रकार की मशीनों को दिखलाना।	
(स) तरह-तरह के बीजों के प्रकार तथा विभिन्न प्रकार के बीजों का बिखराव का प्रदर्शन अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र का शिक्षक करेगा।	तरह-२ के पेड़ पौधों का प्रकृति में पाये जाने वाले पौधों की जानकारी।
६- (अ) मिट्टी में ह्यूमस पाया जाता है। मिट्टी को पानी में घोलकर तैरते पदार्थों का प्रदर्शन करना।	पैदावार में इसका महत्व तथा उपयोग।
७- बैलगाड़ी के पहिये में घर्षण को कम करने के लिए उसकी धुरी में तेल लगाया जाता है।	घर्षण को कम करने के तरीके के विषय में जानकारी।
८- ठण्डे पानी में शक्कर कम घुलती है। संतृप्त गरम घोलों को ठण्डा करने पर ठोस पदार्थ के प्राप्त होने की क्रिया के प्रदर्शन के लिये शिक्षक गन्ने के रस से गुड़ और राब बनने की प्रक्रिया गांव के कोल्हू पर ले जाकर दिखलायेंगे।	रवे बनने की प्रक्रिया को समझने की जानकारी।
९- अध्यापक तरह तरह के जानवरों के बिलों तथा घोसलों को बच्चों को खेतों तथा जंगलों में ले जाकर दिखलायेंगे।	जानवरों तथा पक्षियों के निवास की जानकारी।
१०- अध्यापक कच्चे खाये जा सकने वाले पदार्थों को साफ करके तथा साफ पानी से धोकर तथा अच्छी तरह चबाकर खाये जाने के फायदे पर चर्चा करेंगे।	कच्ची खायी जा सकने वाली विभिन्न वस्तुओं को साफ करके तथा धोकर खाने की जानकारी।

११- केन्द्र शिक्षक बालक को तालाब पर ले जाकर साबुन के उचित प्रयोग से कपडे धोना सिखलाएंगे । तालाब तथा कुएं के हल्के और भारी पानी में अन्तर साबुन के घोल का इस्तेमाल करके दिखलाया जाएगा । हर रोज नहाने धोने, शरीर तथा कपड़े साफ रखने के फायदे भी बतलाये जायेंगे ।	शरीर तथा कपड़े साफ रखने के बारे में जानकारी ।
१२- चन्द्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण की अवधारणा केन्द्र शिक्षक टार्च तथा दो गेदों द्वारा दिखलाएगा ।	सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण के कारण समझ कर अंधविश्वास दूर हो सकेगा ।
१३- उष्मा के संचार की अवधारणा को शिक्षक खाना पकाने के बर्तनों के गरम होने या किसी लोहे की छड़ को अंगीठी में गरम करने की क्रिया द्वारा दिखलाएगा । पदार्थों के सुचालक तथा कुचालक स्वभाव को धातुओ, रबर कांच तथा लकड़ी से बनी वस्तुओं पर उष्मा के प्रभाव द्वारा दिखलाया जाएगा ।	उष्मा के सचार तथा सुचालक और कुचालक पदार्थों के बारे में जानकारी तथा उनके दैनिक जीवन में उपयोग ।
१४- थल, जल और नभ में पाये जाने वाले विभिन्न जानवरों के बारे में जानकारी के लिए बालकों को गांव से बाहर खुले मैदान, खेतों या आसपास के अभ्यारण्यों में ले जाना या चित्रों द्वारा दिखलाना ।	आसपास के जानवरों के विषय में जानकारी ।
१५- मानव शरीर, पशु पक्षियों की शारीरिक बनावट की जानकारी स्वयं की शारीरिक संरचना, आसपास के जानवरों की शारीरिक बनावट तथा चित्रों और माडलों द्वारा दिखलाना ।	स्वयं के शरीर तथा आसपास के जानवरों की शारीरिक बनावट के विषय में जानकारी ।

5.7 Skill of Experimentation (प्रायोगिक कौशल)

विज्ञान शिक्षण में प्रयोगों का बहुत महत्व है । जिस अवधारणा को हम सिद्धांत रूप में पढ़ते हैं उसकी पुष्टि प्रयोगों द्वारा की जाती है । प्रयोग करते समय किसी एक अवयव को नियमित तथा शेष अवयवों में परिवर्तन किया जाता है । सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए प्रयोग के फलस्वरूप होने वाली परिवर्तनों की तालिका बनाई जाती है तथा तालिका से परिकल्पना की पुष्टि की जाती है ।

प्रायोगिक कौशल में दक्षता प्राप्त करने हेतु नीचे दिये गये घटकों पर विशेष ध्यान दिया जाए। केन्द्र शिक्षक इन सब घटकों की चर्चा बालकों से करे तथा इस बात का विशेष ध्यान रखे कि बालक प्रयोग करते समय इन घटकों पर अमल कर रहे हैं या नहीं ।

१. उद्देश्य स्पष्टीकरण : प्रयोग करने से पहले प्रयोग का उद्देश्य बालकों को स्पष्ट होना चाहिए ।

२. सावधानियां :

प्रयोग करते समय अपनाई जाने वाली सावधानियों का विशेष ध्यान रखा जाए। इस बात का भी ख्याल रखा जाय कि किस अवयव को नियन्त्रित करना है तथा किसमें परिवर्तन करना है।

३- **प्रयोग सामग्री :** प्रयोग में आने वाली सामग्री की लिस्ट पहले ही तैयार कर ली जाए तथा वे सब वस्तुएं प्रयोग करने से पहले ही इकट्ठी कर ली जाएं।

४- **समय बोध :** प्रयोग में लगने वाले समय का बोध यदि सम्भव हो सके तो अच्छा रहेगा।

५- **परिकल्पना :** प्रयोग करते समय परिकल्पना भी कर ली जाए तथा प्रयोग द्वारा इसकी पुष्टि की जाए।

६- **सूक्ष्म निरीक्षण :** प्रयोग के समय होने वाले परिवर्तनों को बहुत ही बारीकी से अध्ययन करना अत्यन्त आवश्यक है। पैनी दृष्टि द्वारा किये गये निरीक्षण के फलस्वरूप ही कई नई अवधारणाओं का विकास सम्भव हो सका है।

७- **रिकार्डिंग :** प्रयोग के समय एक कापी अवश्य साथ में रखी जाए। होने वाले परिवर्तनों को यथा समय उचित ढंग से लिपिबद्ध किया जाए।

८. **परिणाम परिचर्चा :** प्रयोग के फलस्वरूप होने वाले परिवर्तनों या परिणामों पर खुल कर चर्चा की जाए तथा उसके कारणों की जांच की जाए। प्रयोग के फेल होने की दिशा में उसके सम्भावित कारणों का पता लगाया जाए तथा उसको एक बार फिर किया जाए। यह कार्यवाही बालकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

९- **सीमायें तथा कमियां :** प्रयोग करते समय कुछ ऐसे बिन्दु होते है जिन्हें हम पूर्ण रूप से नियन्त्रित नहीं कर सकते। प्रयोग करने के पश्चात इन कमियों का विशेष रूप से उल्लेख किया जाए तथा आगे किये जाने वाले प्रयोगों में इन कमियों को दूर करने के प्रयास किए जायें।

5.8 Skill of Organisation (संगठनात्मक कौशल) :

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को एक शिक्षक किस प्रकार से सुचारु रूप से चलाता है, संगठनात्मक कौशल के अन्तर्गत आता है। संगठनात्मक कौशल के निम्नलिखित घटक हैं :

(१) ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित करना तथा पालकों को केन्द्र में बालकों को भेजने के लिये प्रेरित करना;

(२) बाल गणना करना;

(३) आत्मनीयता एवं समर्पिता;

(४) शाला समय का निर्धारण;

(५) शासन से सहयोग प्राप्त करना;

(६) वर्षभर का कैलेन्डर तैयार करना;

(७) शाला विकास समिति एवं पालक संघ का गठन;

(८) राष्ट्रीय पर्वों को मनाना;

(९) चक्र का निर्माण; और

(१०) शाला अभिलेख तैयार करना;

५.८.१ ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित करना (वाकपटुता एवं मृदु व्यवहार):

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को सुचारु रूप से चलाने के लिए बच्चों को अनौपचारिक केन्द्रों पर लाना मुख्य बिन्दु है और बच्चों को केन्द्र पर लाने के लिये उनके अविभाभवकों से मधुर सम्बन्ध कायम करना उससे भी अधिक आवश्यक है। ग्रामीणों से मधुर सम्बन्ध स्थापित करने के लिए अनौपचारिक शिक्षक को वाकपटुता तथा मृदु व्यवहार का उपयोग करना चाहिए ताकि वह अपनी बात को ग्रामीणों तक ठीक ढंग से तथा आसानी से पहुंचा सके जिससे पालक प्रेरित होकर अपने बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर भेजें। इसे स्पष्ट करने के लिए हम मान लेते हैं कि मोहनलाल एक अनौपचारिक शिक्षक है जो एक नए गांव में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाने के लिए प्रयत्नशील है। मधुर सम्बन्ध स्थापित करने की विधि जानने के लिए आइये हम मोहनलाल की गतिविधियों पर ध्यान दें।

मोहनलाल अपने नियुक्ति वाले ग्राम गांधीग्राम में पहुंचता है। समीप खड़े कुछ व्यक्तियों से वह आदरपूर्वक नमस्कार करता है। ग्रामीण भी प्रत्युत्तर में नमस्कार करते हैं। उन व्यक्तियों में शिष्टाचार की वार्ता शुरू होती है। अब मोहन लाल पूछता है "पटेल साहब आपका गांव तो बहुत अच्छा है। यहाँ के सरपंच साहब कौन हैं? ग्रामीण ने हंसकर उत्तर दिया- "हां–हां क्यों नहीं। श्री रामनारायण जी इस गांव के सरपंच हैं।" शिक्षक ने पुनः पूछा- "क्या आप मुझे उनका घर बतला सकेंगे।" इस पर ग्रामीण ने मुस्कराते हुए पूछा- कहिए आपको उनसे क्या काम है। इस पर शिक्षक ने कहा मेरी नियुक्ति आपके ही ग्राम में हुई है।" इस पर ग्रामीण ने हंस कर कहा- "हां, हां कहो, मैं ही इस गांव का मुखिया हूं चलो, घर चलो। घर चलकर बैठेंगे और आराम से बातें करेंगे।" मोहनलाल के उक्त व्यवहार से स्पष्ट होता है कि पहले वाक्य में ही गाव के बारे में अच्छे शब्द बोलकर उसने गाँव के मुखिया को प्रभावित कर लिया। पटेल का बड़ा पुत्र शिक्षक को नमस्कार करता है एवं खटिया पर दरी लाकर विछाता है। इसके बाद थोड़ा सा गुड़ और दो ग्लास पानी लाता है। तथा दोनो को सम्मान पूर्वक देता है। दोनो गुड़ खाकर पानी पीते है। शिक्षक पुनः अपनी ओर से वार्ता प्रारम्भ करता है। वह पूछता है अपने गाव की आबादी कितनी है? पटेल साहब उत्तर देते हैं कि अपने गांव की आबादी लगभग ३०० है।

शिक्षक- इसमें बालकों की संख्या कितनी होगी?

पटेल- यही कोई ४० के आसपास।

शिक्षक- क्या आपके पास गांव की मतदाता सूची होगी?

पटेल- हां है तो ! आपको क्या काम है ?

शिक्षक- "मुझे आपके गांव के ६ से १४ वर्ष तक के बालकों की गिनती करनी है। पर मतदाता सूची में तो इक्कीस वर्ष से बड़े मतदाताओं का ही नाम है उससे आप छोटे बच्चों की गणना कैसे करेंगे ?" पटेल ने आश्चय से पूछा।

शिक्षक- "अरे भाई, उससे मुझे पूरे घरों का ज्ञान हो जायेगा। मैं तो इस गांव में नया-नया व्यक्ति हूं। आपको मेरे कार्य में सहयोग देना होगा तथा पालकों को बच्चों को शाला भेजने के लिये प्रेरित करना होगा।"

पटेल- "हां,- हां, क्यों नही मास्टर जी। शाम को लगभग सभी गांव वाले मेरे यहां अलाव पर आयेंगे, तभी उन सबसे आपकी पहचान करा देंगे और आपके काम में मदद करने के लिए कह देंगे।"

मोहनलाल तथा पटेल साहब के बीच हुए उक्त वार्तालाप से स्पष्ट होता है कि मोहनलाल ने पटेल साहब का विश्वास भी अर्जित कर लिया है। पटेल साहब को उनके पद की याद दिलाते हुये मोहनलाल ने नम्रतापूर्वक सहयोग माँगा जिसे पटेल साहब ने खुशीपूर्वक स्वीकार कर लिया तथा शाम को अलाव पर सभी ग्रामीणों से मुलाकात कराने का वायदा भी करा दिया। अब हम देखेंगे कि मोहनलाल किस प्रकार ग्रामीणों से अलाव पर बातचीत करता है।

रात्रि के आठ बजे के लगभग सभी ग्रामी पटेल के अलाव पर आज ताप रहे हैं, और बातें कर रहे हैं। इतने में मास्टर जी को साथ लिये हुए पटेल साहब आते हैं। सभी ग्रामीण उनसे राम-राम कहते हैं। पटेल भी राम-राम का प्रत्युत्तर देते हैं। साथ ही मास्टर जी भी दोनो हाथ जोड़कर विनम्रता से नमस्कार करते हैं। इस प्रकार सभी ग्रामीण अलाव पर बैठे मिल जाते हैं। पटेल ने कहा ... "देखो भाई, अपने यहां मोहनलाल जी मास्टर होकर आये हैं। अब ये अपने गांव में ही रहेंगे और गांव के बच्चे, बच्चियों को पढ़ायेंगे। इनका स्कूल भी अलग तरह का होगा। हमसे भी जहां तब बन सके सारे गांव वालों को इनकी मदद करना चाहिये। एक ग्रामीण ने कहा कि "दो जून खाने को तो मिलत नांहीं, छोरा-छोरियन को कैसे पढ़न भेजें ?

ग्रामीण के प्रश्न का उत्तर देते हुए मोहनलाल कहता है- हां भाई। आपकी बात सही है, और आपने एक बहुत बड़ी बात कही है, कि हम अपने छोरा--छोरियन को कैसे भनवे भेजें। हम सबको मिलकर ही इस बात पर विचार करना होगा। मैं भी गांव का रहने वाला हूं। आपका गांव तो मेरे गांव से भी बड़ा है तथा अच्छा भी है। हमारे गांव में तो बहुत गरीबी है। सो मैं जब १० साल का था तो गांव छोड़कर शहर चला गया। वहां पर एक चाय की दुकान पर बरतन धोता था तथा देखा करता था कि बाबू लोग वहां चाय पीने आते थे। अपने बच्चों की पढ़ाई की बातें करते थे, कोई कहता था मेरा बाबा पढ़ने गया है कोई कहता था कि मेरा बाबा पढ़कर अब डाक्टर या बाबू बनने वाला है। इन बातों को सुनकर मुझे लगा कि अगर मैं भी पढ़ लिख लूं तो मैं भी बाबू बन सकता हूं। इसलिए एक दिन मैंने एक बाबू से पढ़ने की इच्छा जाहिर कर दी। वो भला बाबू था। अगले ही दिन से उसने मुझे एक किताब लाकर दे दी तथा हर रोज १०-१५ मिनट मुझे पढ़ाने लगा। उसी बाबू ने मुझे पहले पांचवीं तथा बाद में आठवीं कलास अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र से पास कराई। अगर मैं चाहता तो मुझे शहर में ही कहीं छोटे बाबू की नौकरी मिल जाती परन्तु फिर मुझे

अन्दर से आवाज आई कि मेरे जैसे कितने ही बच्चे गांव में ऐसे हैं जिन्हें कि पढ़ने के लिये कोई बाबू नहीं मिलता। इसलिये मुझे गांव वालों को पढ़ाना चाहिए। बस इसी बात को लेकर मैंने सरकार से प्रार्थना की कि गांव में स्कूल खोल दें। सरकार ने मेरी बात मान ली परन्तु साथ ही साथ यह भी कहा कि स्कूल के लिये स्थान, व बच्चे तथा अन्य बातों का इन्तजाम आपको ही करना पड़ेगा। तो भाईयों मैंने निश्चय कर लिया है कि हम और आप ने जो जिंदगी गरीबी में बिताई है, एक सरकारी चिट्ठी को पढ़ने के लिये हम दूसरे गांव वालों के पास जाते हैं। अब अपने बच्चों को अपने जैसा नहीं होने देंगे। हम उन्हें पढ़ना लिखना सिखायेंगे जिससे कि वो किसी दूसरे पर निर्भर न हों। अतः हम सब अपने बच्चों के भविष्य के लिये उन्हें पढ़ना लिखना जरूर सिखावेंगे।

सभी ग्रामीण मोहनलाल की बातों से प्रेरित होते हैं, तथा अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के लिये मोहनलाल से प्रार्थना करने लगते हैं। तभी एक अन्य ग्रामीण पूछता है—मास्टर जी हम सब आपकी बातों से सहमत हैं परन्तु यह बताओ कि हमारे बच्चे हमारे साथ काम करने जाते हैं। फिर भला हम उन्हें पढ़ायेंगे कब।

शिक्षक—हां, भाई, यह एक गम्भीर समस्या है। हम अपने बच्चों को काम पर जाने से भी मना नहीं कर सकते वरना काम पूरा नहीं होगा और उन्हें पढ़ना भी जरूरी है, फिर क्या करें। अरे हां, कभी तो बच्चे खाली रहते होंगे ?

ग्रामीण—"रात में कुछ टेम मिलत है। दिन भर तो खेत में हो जाई है।" अब पटेल साहब आपई बताओ हम का करें।

पटेल—नहीं भाई अपन अपने स्कूल का टेम ऐसो रखेंगे कि जे में घण्टा दो घण्टा को सबै टेम मिलत हो।

ग्रामीण—हाँ तब तो मोड़ा-मोड़ियन को भेज सकत।

शिक्षक----भाईयों मैंने पटेल साहब से गांव की मतदाता सूची ले ली है, जिसकी सहायता से, मैं सवेरे ७-८ बजे के करीब आपके यहां ६ वर्ष से १४ वर्ष के बालक-बालिकाओं की गिनती करके उनके नाम रजिस्टर में लिख लूंगा। आप कृपया मेरी इतनी मदद करें कि आप घर पर ही मिलें। और अपने परिवार के बालकों की सही-सही जानकारी मुझे दे दें। हां! एक बात और भी है। एक ऐसी जगह चाहिए जहां गांव के सभी बच्चे एक जगह इकट्ठे बैठ सकें और अपनी पढ़ाई शुरू कर सकें।

पटेल ने कहा :- अपने पास ही लम्बी चौड़ी दलान है। उसमें अपना गांव का और दो गांव का छोरा छोरी और भी बैठ सकें। अब रात अधिक हो गई है इसलिए अब चलते हैं।

मोहनलाल कहता है :- तो ठीक है भाई। हम कुल बालकों की गिनती करेंगे और अपना केन्द्र बालकों की सुविधा के अनुसार लगाया करेंगे।

(उक्त पूरी वार्ता में आपने देखा कि मोहनलाल ने किस प्रकार अपने व्यवहार तथा वाकपटुता द्वारा सब ग्रामीणों का मन मोह लिया तथा उन्हें अपने-अपने बच्चों को पढाने के लिए प्रेरित भी कर लिया। साथ-साथ अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के लिए पटेल साहब के दलान को निश्चित कर लिया।

ग्रामीणों से मधुर सम्बन्ध बनाने के बाद अब केन्द्र शिक्षक को यह मालूम करना है कि इस गांव में कितने बच्चे अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर आने योग्य हैं। इस कार्य के लिए शिक्षक योजना बनाता है तथा उसके अनुसार ही कार्य करता है। आइये अब देखिए मास्टर मोहनलाल मास्टर जी कैसे इस काम को पूरा करते हैं।

दूसरे दिन मोहनलाल प्रातः कालीन कार्यों से निवृत्त होते हैं। बुधवार का दिन है। ग्रामीणों को नरसिंहगढ़ हाट करने जाना है। आज उन्हें खेत-खलिहानों में नहीं जाना है। अतः पटेल साहब भी अध्यापक जी के साथ हो लेते हैं। अध्यापक जी के पास ग्राम की मतदाता सूची, कलम और एक रजिस्टर है जो उन्होंने कल ही तैयार किया है तथा जिसमें चाही गई जानकारी निम्नानुसार है।

गली संख्या	घर नंबर	मुखिया का नाम	घर के सदस्यों की संख्या	६ से १४ वर्ष के बच्चों के नाम	आयु	विविध विवरण

प्रारम्भ में दोनों गोपीलाल के घर जाते है साथ में पीछे-पीछे कुछ बच्चे भी हो जाते है। गोपीलाल इनसे राम-राम करता है और दलान में बिछी हुई चटाई पर बैठने का आग्रह करता है। "कहिये कैसे आना हुआ?" गोपीलाल ने कहा।

अरे भाई—ये मास्टर साहब अपने गाँव के घरों के बालकों की गिनती करना चाहते हैं ताकि उन्हें खाली समय में कुछ सिखाया जा सके।

"हां--अपने तो भैय्या दो मोड़ा और तीन मोड़ियां हैं।"

ठीक, वैसे आपके घर में कुल कितने व्यक्ति हैं ?

सात।

अच्छा तो अब आप बच्चे-बच्चियों के नाम और आयु बतलाईये।

हां, हां, क्यों नहीं भैय्या, बड़ी मोड़ी होई यही कोई १३ बरस की बा से छोटो एक मोड़ा।

उम्र के साथ नाम भी बतलाओ।

हा तो बड़ी मोड़ी का नाम सुगनी। बा भागीरथ १० बरस का होगा। बा से छोटी एक मोड़ी फिर है जै को नाम है सुन्दरी। बा ८ आठ बरस की होगी। बा से छोटो फिर एक मोड़ा गोपाल है, बो ५ बरस को अई अगन में हो जाएगो। सबसे छोटी मोड़ी राधा है बा ३ साल की होगी।

शिक्षक ने ५ बालकों में से ३ बालक-बालिकाओं के नाम उम्र सहित अपनी पंजिका में दर्ज कर लिए और गोपीलाल को धन्यवाद देकर व नमस्ते करके आगे चल दिए।

इसी प्रकार शिक्षक, पटेल और एक दो अन्य व्यक्तियों ने मिलकर ग्राम की ६ से १४ वर्ष के बालकों की बालगणना गणना पूरी की।

५.८.३ आत्मीयता एवं समरूपता :

बाल-गणना करने के पश्चात अब मोहनलाल का यह दायित्व हो जाता है कि वो ऐसे बालकों से मिले जिनके बच्चे केन्द्रों पर आने योग्य हो। इसके लिए मोहनलाल के लिए आवश्यक है कि वह ऐसा व्यवहार करे जिसमें आत्मीयता झलकती हो। मोहनलाल इस कार्य को निम्न प्रकार से करता है :

रात्रि को साढ़े सात बजे शिक्षक उन घरों में जाते हैं, जहां ६ वर्ष से १४ वर्ष तक के बालक-बालिकायें उपलब्ध है। प्रारम्भ में जाते ही शिक्षक रतीराम हरिजन के यहाँ जाते है। रतीराम से नमस्कार करते हैं तथा बैठ जाते हैं।

शिक्षक वार्ता प्रारम्भ करते हुए कहते हैं, भाई रतीराम जी आपके पुत्र कैलाश एव पुत्री सुखिया को कल से पटेल की दलान में भेजना।

अरे मास्टर जी हम तो हरिजन हैं, हमें पटेल की दलान में कौन बैठने देगा। और छोरा-छोरिन के पास सिलेट पट्टी भी तो नही है।

अरे मैं सब जानता हूं, रतीराम जी। हरि को भजे सो हरि का होई, जात-पात पूछे नही कोई। भगवान ने तो हम सबको समान बनाया है। देखिए न, वही दो आंखें, वही दो हाथ, वही दो पांव आपके और वही मेरे। अब देखिए आप और मुझमें फर्क क्या है ? चांद-सूरज, हवा-पानी आदि कोई भी तो हममें भेदभाव नहीं करते। फिर हम क्यों भेदभाव करें। यह भेदभाव कोरा पाखण्ड है। मोहनलाल की चर्चा के दौरान गांव के दो चार लोग और आ जाते हैं तथा मास्टर जी के तर्क से प्रभावित होकर गर्दन हिलाते है। इतने में कैलाश पानी लेकर आ जाता है। शिक्षक पानी पीते हैं और बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा-केन्द्र भेजने हेतु रतीराम से अनुरोध करते हैं। रतीराम अपने बालकों को केन्द्र भेजने हेतु सहमत हो जाता है। इसी प्रकार शिक्षक अनेक घरों में सम्पर्क स्थापित करते है और गांव के वातावरण में शीघ्र ही इतने घुल-मिल जाते है कि वे स्वयं भी इसी गांव के बासिंदा लगने लगते हैं।

५.८.४ शाला का समय :

इस प्रकार मोहनलाल केन्द्र पर काफी बच्चे लाने में सफल हो जाना चाहते हैं, परन्तु अब उसके सामने शाला समय की समस्या है, शिक्षक के पास छात्र–छात्रायें भी हैं और शाला लगने का भी पर्याप्त स्थान है। शिक्षक एवं गांव वाले चाहते है कि शाला समय ऐसा रहे जबकि ग्राम के बाल-बालिकाएं फुर्सत में हों। दिन का बच्चों का समय तो खेत और खलियानों के कामों में व्यतीत हो जाता है। सबेरे और साझ का समय मवेशियों में बीत जाता है। इस प्रकार रात्रि का प्रथम प्रहर ही इसके लिए ठीक समय हो सकता है। रात्रि को सोने से दो घण्टे पूर्व से बालक पढ़े और रात्रि तक पढ़ते रहें ताकि सोते समय जो कुछ पढ़ा है उस पर विचार कर सके। अतः पढ़ाई का

समय सभी की सुविधानुसार रात्रि साढ़े सात से नौ बजे तक रखा गया तथा इसकी सूचना सभी ग्रामवासियों को दे दी गई।

५.८.५ प्रशासन से सहयोग प्राप्त करना:

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को सुचारू रूप चलाने के लिए शिक्षक का यह भी एक प्रमुख कार्य या कर्त्तव्य है कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों से अपने मधुर सम्बन्ध और रखे अच्छा समन्वय स्थापित करें ताकि केन्द्र के किसी भी काम में प्रशासकीय सहयोग के बिना कोई कार्य शिथिल न हो जाए या बन्द होने की सूरत में न आ जाऐ। जैसे हम किसी केन्द्र पर टाट पट्टी का उद्योग चला रहे हैं तथा हमारे पास कच्चे माल का अभाव उत्पन्न हो गया है। यदि हमारे सम्बन्ध अधिकारियों से मधुर होंगे तो हम समय-समय पर अपनी आर्थिक पूर्तियों को शासन से शीघ्र पूरा करवा सकेंगे। और केन्द्र पर उद्योग की दिशा हमेशा अच्छी लगती रहेगी। अतः उपरोक्त गुण भी शिक्षक में होना परमावश्यक है। इसके लिये अध्यापक को समय-समय पर अपने अधिकारियों को प्रगति के बारे में सूचना देते रहना चाहिए तथा अच्छे सम्बन्ध कायम रखने चाहिये।

५.८.६ वर्ष भर का कैलेण्डर तैयार करना :

केन्द्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षक को वर्ष भर का कैलैण्डर तैयार करना चाहिए। इस कार्य हेतु शिक्षक जून माह में ही अपनी शाला का वार्षिक केलेण्डर तैयार करेगा। सर्व प्रथम शिक्षक यह देखेगा कि १ जून से ३१ मई तक कुल कितने कार्य दिवस है। इन कार्य दिवसों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार यथोचित परिवर्तन किया जा सकता है। फिर वह प्रतिमाह के कार्य दिवसों की समस्या ज्ञात करना शुरू करेगा। कार्य दिवसों के मान से पूरे पाठ्यक्रम का नियोजन करेगा। पाठ्य विभाजन में मुख्य दो बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए कि पाठ्यक्रम का प्रथम भाग अध्यापन से सम्बन्धित हो तथा दूसरा भाग कला कौशल से सम्बन्धित हो। कला कौशल में स्थानीय क्राफ्ट रखे जा सकते हैं। यथासंभव क्राफ्ट ऐसे हों जिनसे शाला पर अधिक भार न पड़ता हो। पाठ्य-क्रम में खेलकूद मनोरंजन आदि पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। शाला में मनाई जाने वाली महापुरुषों की जन्म तिथियां तथा त्यौहारों आदि पर भी ध्यान दिया जाए। स्थानीय त्योहारों, मेलो आदि का भी उचित समावेश करना उपयोगी हो सकता है।

एक प्रयास और भी किया जाना चाहिए कि जो त्यौहार जिस माह में आते हों उसी में उन्हें पढ़ाया जाना चाहिए. इस प्रकार दिवाली के अवसर पर दिवाली, २६ जनवरी के अवसर पर गणतन्त्र दिवस, १५ अगस्त पर स्वतन्त्रता दिवस एवं होली पर होली का पाठ या निबन्ध पढ़ाया जाना प्रासंगिक होगा। ग्राम के आसपास के वातावरण से भी छात्रों को परिचित कराया जाना चाहिए, जैसे मेले, हाट, पोस्ट-आफिस, अस्पताल, ग्राम पंचायत, नगरपालिका आदि के कार्यों से बालकों को अवगत करवाया जा सकता है। आज के युग में यह भी आवश्यक है कि बालकों को सड़कों पर चलने के नियमों की उचित जानकारी रहे।

५.८.७ शाला विकास समिति एवं पालक संघ का गठन :

शाला का कार्य उचित रीति से चलाने के लिए शिक्षक को शाला विकास समिति एवं पालक संघ का गठन

किया जाए। इसके लिए सर्वप्रथम शिक्षक द्वारा पालकों को बुलवाकर एक मीटिंग का आयोजन किया जाए जिसमें पालकों की राय से ग्राम के प्रमुख या किसी अन्य सम्मानित व्यक्ति को शाला विकास समिति का अध्यक्ष चुना जाए। शिक्षक इस समिति का पदेन सचिव रहेगा। सर्वानुमति से शिक्षा में रुचि रखने वाले ग्रामीणों में से ही दो या तीन सदस्य चुन लिये जाए। इस प्रकार स्थापित समिति के साथ केन्द्र शिक्षक को समय-समय पर चर्चा करते रहना चाहिए। केन्द्र के संचालन में आने वाली कठिनाईयों के निवारण के लिए भी शाला विकास समिति अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य कर सकती है। यहां पर इस बात का जिक्र कर देना उचित होगा कि केन्द्र शिक्षक गांव की दलगत राजनीति से दूर रहते हुए अपनी शाला का विकास करे।

५.८.८ राष्ट्रीय पर्वों का मनाना :

शाला में राष्ट्रीय त्यौहार जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस, गांधी जयन्ती, बाल-दिवस, सैनिक-दिवस, सुभाष जयन्ती, आदि केन्द्र पर मनाए जाएं। यह कार्य ग्राम के सम्भ्रान्त व्यक्तियों की अध्यक्षता में किया जाना चाहिए। खेलकूद एवं सास्कृतिक आयोजन, भी इन-इन अवसरों पर किये जाने चाहिए। ग्राम मण्डलियों का भी आयोजन इस अवसर पर किया जा सकता है। इन आयोजनों के पश्चात यथा संभव बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। इससे बालकों में विभिन्न कार्यों के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा जागृत होगी व शाला का सम्मान भी बढ़ेगा। समाज शालामय और शाला समाजमय होगी। छात्रों को इन अवसरों पर आदर्श नागरिकता के गुणों की प्राप्ति होगी और वे अच्छे नागरिक बनकर समाज में सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। इससे छात्रों मे राष्ट्रीय भावना का उदय भी होगा और वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकेंगे।

५.८.९ समय चक्र का निर्माण :

शिक्षक को शाला संचालन हेतु समय चक्र का निर्माण करना चाहिए। यह कार्य छात्रों की रुचि के अनुकूल एवं समयानुकूल होना चाहिए ताकि शाला में बालकों की रुचि के अनुसार कार्य किया जा सके। शाला में भी छोटे-छोटे कार्यानुभवों/उपयोगो का प्रावधान भी रखा जाना चाहिए। यथा संभव ऐसे कार्यानुभव उद्योग चुने जायें जिनसे केन्द्र पर कम से कम आर्थिक बोझ पड़े और छात्र इन उद्योगों में इतने प्रवीण हो सकें कि अपने भावी जीवन में जीवकोपार्जन कर सकें। ग्रामीण उद्योग में चटाई बनाना, टोकरी बनाना, झाड़ू बनाना, कागज के लिफाफे बनाना, चाक बनाना, रस्सी बनाना, टाट पट्टी बनाना आदि कार्य किये जा सकते है। बालकों के आस-पास फैले हुये पर्यावरण का भी पाठ्यक्रम में समावेश किया जाये जो बालकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके। इसमें खेतों तथा आस पास के जंगलो, नदी नाले इत्यादि की सैर को शामिल किया जा सकता है जिसके द्वारा फसलों, मिट्टी, खाद तथा पेड़ पौधों के बारे में लाभप्रद जानकारी दी जा सकती है। पास में स्थित डाकघर के कार्य, चिकित्सालय, ग्राम पंचायत के कार्य, आदि बच्चों को ले जाकर बतलाए जा सकते हैं। यदि आस-पास कोई मेला भरता हो तो वहां छात्रों को ले जाकर मेले की विस्तृत जानकारी भी दी जा सकती है। केन्द्र के समय चक्र का निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि समय चक्र औपचारिक शाला की भांति स्थायी न हो जिससे इसमे यथानुसार परिवर्तन किया जा सके।

५.८.१० शालेय अभिलेख तैयार करना :

शाला सचालन में कुछ अभिलेखों की आवश्यकता प्रतीत होती है जिनमें शाला का सम्पूर्ण रिकार्ड पंजीबद्ध होता है। शिक्षा के उच्च अधिकारी जब कभी शाला निरीक्षण करते हैं तब उन्हें इन सब अभिलेखों की आवश्यकता होती है। इन अभिलेखों से निरीक्षणकर्त्ता को यह पता लग जाता है कि शाला में कितना काम हो चुका है और कितना कार्य होना शेष है। आज का क्या कार्य होना है ? शाला में कितने छात्र हैं ? उनमें से कितने छात्र प्रतिदिन उपस्थित होते हैं। शिक्षक ने उपस्थिति बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किये हैं। ग्रामीणों से कितना सहयोग प्राप्त किया। शाला में अब तक कुल कितनी आय एवं स्वयं हुआ है। शाला में उत्सव त्यौहार मनाये जाते हैं या नहीं ? यदि मनाये जाते है तो किस त्यौहार पर क्या-क्या कार्य हुआ इसका भी पता अभिलेखों से चल जाता है। संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि शाला का अभिलेख शाला का दर्पण है। यह अभिलेख शाला की प्रगति में भी सहायक सिद्ध होता है। अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में निम्न अभिलेखों का रखा जाना लाभप्रद हो हो सकता है।

१. छात्र प्रवेश पंजिका :

इस पंजिका में छात्र की संपूर्ण जानकारी अंकित होती हैं। जैसे प्रवेश क्रमाँक, छात्र का नाम पिता का नाम, जन्म तिथि, शाला प्रवेश दिनांक, जाति, व्यवसाय, निवास, आदि तथा यदि कोई विशेष बात हो तो वह भी अंकित की जाती है।

२. छात्र उपस्थित पंजिका :

यह छात्रों की उपस्थित पंजिका होगी जिसमें प्रतिदिन छात्र की उपस्थिति का अभिलेख होगा। यदि छात्र अवकाश पर है या बीमार है तो उसका भी अभिलेख पंजिका में होगा।

३. शिक्षक उपस्थिति पंजिका :

शिक्षक प्रतिदिन अपनी उपस्थिति के हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका पर करेगा और हर हफ्ते के अन्त में इस पंजिका पर पटेल या सरपंच के प्रति हस्ताक्षर कराएगा।

४. शाला की आय-व्यय पंजिका :

चूंकि ये शालाएं काफी छोटी होती हैं इस कारण अधिक लेखा पत्रकों को न रखकर केवल एक आय-व्यय पंजिका रखना ही पर्याप्त होगा। शिक्षक उसमें ग्राम पंचायत से प्राप्त धनराशि, चन्दा या शासन से प्राप्त धनराशि का हिसाब किताब रखेगा। यदि राशि शाला विकास के माध्यम से प्राप्त हुई है तो उस पर शालेय विकास समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी करा लिये जाने चाहिए एवं उनकी राय से उक्त राशि का व्यय किया जाना चाहिए।

५. केन्द्र निरीक्षण पंजिका :

कोई व्यक्ति केन्द्र का निरीक्षण करने आए तो उन्हें टिप्पणी लिखने हेतु यह पंजिका उपलब्ध रहेगी। यदि निरीक्षण कर्त्ता केन्द्र की प्रगति हेतु कोई सुझाव दे तो उनपर शिक्षक द्वारा अमल किया जाना चाहिये।

६. केन्द्र मिटिंग पंजिका :

इस पंजिका में शाला विकास समिति, विभिन्न सलाहकार समितियों एवं बालसभा तथा उत्सवों और त्यौहारों के अभिलेख अंकित किए जा सकते हैं।

७. स्टाक एव वितरण पंजिका :

शासन या जनता से जो भी वस्तुएं प्राप्त हों उन्हें इस पंजिका में दर्ज किया जाना चाहिये। इसके कुछ पृष्ठ छोड़कर वितरण पंजिका का काम भी लिया जा सकता है। यदि कोई ऐसी वस्तु हो जिसे पंजिका में चढ़ाकर बच्चों को वितरण करना हो तो वितरण पंजिका में उसे दर्ज किया जाना चाहिये और छात्रों या पालकों से प्राप्ति के हस्ताक्षर करा लेने चाहियें। साथ ही स्टाक पंजिका पर उसका व्यय दिखा दिया जाना चाहिये।

८. छात्र प्रगति अभिलेख :

प्रत्येक छात्र की प्रगति का अभिलेख अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र का सबसे महत्वपूर्ण अभिलेख है। इसमें प्रत्येक छात्र का नाम अंकित किया जाना चाहिये। जिस विषय में जितनी जितनी इकाईयां पूर्ण कर लें, पंजिका में नाम के समक्ष इसका उल्लेखः हर हफ्ते किया जाना चाहिये। यदि कोई छात्र पर्याप्त प्रगति नहीं कर पाता है तो शिक्षक को उसकी कमजोरी का पता लगाकर उसके साथ विशेष प्रयास करने चाहियें।

BIBLIOGRAPHY

1. Batten, R. R. 'Making People Literate' (Chapter X), In Communities and Their Development, Oxford University Press, London, 1957, pp. 123-145.

2. Chilana, M. R. 'Non-formal Education in Madhya Pradesh.' The Rajasthan Board Journal of Education, 18, 1, pp. 30-37, Jan-March, 1982.

3. Dunkin, M. J., Biddle, B. J. The Study of Teaching. Holt Rinehart & Winston, New York, 1974.

4. Dosanjh, N. L. Modification of Teacher Behaviour Through Microteaching. Sterling Pub. Pvt. Ltd., New Delhi, 1977.

5. Grewal, A. Case Studies of Children Getting Non-formal Education. The Education Quarterly, 28, 3, pp. 32-34, 1975.

6. Galloway, C. M. An exploratory Study of Observational Procedures for Determining Teacher Non-verbal Communication (Ph D. Thesis, University of Florida, 1962).

7. Galloway, C. M , French, R. L. A Description of Teacher Behaviour (Verbal and Non-verbal) (ERIC Document EDO 28-134), 1968.

8. Grewal, J. S. Singh., R. P. A. Comparative Study of effects of standard microteaching with varied set of skills upon general teaching competence and attitude of pre-service secondary school teachers. In R. C. Das et al (Eds) Differential Effectiveness of Microteaching Components. New Delhi : NCERT, 1980.

9. Gupta, V. P., Dutta, Rakhi. A Comparative Study of the effectiveness of microteaching under simulated conditions and microteaching with varying class size upon the general teaching competence and change in anxiety level. Journal of Education in Research and Extension. Vol. XV, No. 3, pp. 152-163, Jan. 1979.

10. Gopinath, C. Rao. Universalisation of Primary Education : An Indepth Study of the Policy (Kerala, Tamil Nadu, M. P., Orissa), Hyderabad, Administrative Staff College of India, 1986, (the unpublished).

11. Gupta, Shashi. Studies of the Effectiveness of Teaching Methods Being Followed at NFE Centres and Formal Primary Schools. M. Ed. Dissertation, Bhopal University, 1984.

12. Gupta, V. P., Grewal, J. S., Rajput, J. S., A Study of Environmental Awareness Among

Children of Rural and Urban Schools and Non-formal Education Centres. In Desh Bandu, N. L. Ramanathan (Eds)., Education for Environmental Planning and Conservation, New Delhi, Indian Environmental Society, 1982, pp. 343-445.

13. Joshi, S. M. Effectiveness of Microteaching as a Technique in Teacher Education Programme, Ph. D. Edu , M. S. U. 1977.

14. Lalithamma, M. S. An Inquiry into Classroom Instruction. Ph. D. Edu., M. S. U. 1977.

15. Lulla, T. P. An Investigation Into the Effects of Teacher Common Behaviour on Pupil's Attainment. Ph. D. Edu., M. S. U., 1974.

16. McNergney, Robert F., Carrier, Carol A Teacher Development. New York : Mac Millan Publishing Co., Inc., 1981.

17. Maheshwari, V. A Study Into the Classroom Verbal Interaction Patterns of Effective and Ineffective Teachers. Ph D. Edu., Meerut. U., 1976.

18 Mehrotra, R. N. 'Teacher Education – A Trend Report'. (Chapter XV) In M.B. Buch (Ed) Second Survey of Research in in Education, Baroda : Society for Research and Development, 1980, pp. 414-453.

19. Mullick, S. P. Development of Learning Materials for Non-formal Education of Girls in the Age Group of 11-14 Years in Rural Areas. Non-formal Education Bulletin, NCERT, New Delhi , Vol. 1, 2, 1983, p. 35.

20. Mizel, Harold E., Encyclopedia of Educational Research. New York : The Free Press, 1982.

21. McNergney, R. F., Carrier, C. A Teacher Development, New York : Macmillan Pub. Co., Inc., 1981.

22. Mclachlan, Milia, Pigozzi, Mary Joy., Vanderberg, Leena., Linking Formal and Non-formal Education, Non-formal Education Bulletin. NCERT, New Delhi, Vol. 1, 2, 1983, p. p. 4-20.

23. NCERT, Non-formal Education, In National Curriculum for Primary and Secondary Education New Delhi : NCERT, 1986

24 Orlasky, D In E. Hoyle and J. Mcgerry. Professional Development of Teachers, World Year Book of Education, London : Kagan Page, 1980.

25. Padma, M.S. Teaching and Teacher Behaviour. A Trend Report. (Chapter XIV) In M. B. Buch (Ed) Second Survey of Research in Education, Baroda : pp. 394-412. 1980,

26. Padma, M.S. Teaching Patterns and Pupil's Attainment. Ph.D. Edu., M.S.U., 1976.

27. Passi, B. K., Shah, M. M. Microteaching Experiments in Simulated and Real Classroom Conditions, Baroda : M. S. U., 1973.

28. Passi, Bimla. Effect of Instructional Material and Feedback Upon the Development of Teaching Skills of Set Induction and Closure., Ph.D. Edu., M.S.U., 1977.

29. Passi, B. K. Becoming Better Teacher : Microteaching Approach, Ahmedabad : Sahitya Mudralaya, 1976.

30. Passi, B. K. Study for the Development of Training Models for Different Families of Models : Social Interaction Models, Information Processing Models, Personal Models and Behaviour Modification Models. Paper Presented at the National Seminar on Innovations in Teacher Education, P.S.M., Jabalpur, July 1982.

31. Patrade, Yanmark. The KHITPEN-Non-Formal Education Newsletter, Vol. 1, Nos. 2 and 3, 1983.

32. Perrot Elizabeth, Effective Teaching –A Practical Guide to Improving Your Teaching. London : Longman, 1982

33. Rajput, J. S. Gupta, V. P., Grewal, J. S., A Comparative Study of the Environmental Awareness Among Children of NFE Centres of Madhya Pradesh and Maharashtra, India Educational Review (In Press).

34. Roy, S. Classroom Questioning and Pupil Achievement— An Inquiry Into Teaching Style., Ph. D. Edu., M S. U., 1977.

35. Sharma, S. Relationship Between Patterns of Teacher Classroom Behaviour and Pupil's Attainment in Terms of Instructional Objectives. Ph. D. Edu., M. S. U., 1972. In M B. Buch (Ed.) A Survey of Research in Education. Baroda : CASE, M.S.U 1974.

36. Travers I. Millman (Ed.) Handbook of Teacher Evaluation. London : SAGE Publications, 1981.

37. Vaze, N. A. Effect of Modelling and Microteaching on the Acquisition of Certain Skills in Questioning, Ph. D. Edu., M. S. U., 1976.